सोमवार, 18 अगस्त 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 5:14 | सूर्यास्त: 18:07 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, भाद्रपद कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : साथ देने वाले हालात नहीं देखते, हालात देखनेवाले साथ नहीं देते।



नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ चलेगा देशव्यापी अभियान: शिवराज पृष्ठ 7

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# राहुल सात दिन में शपथपत्र दें, वरना दावा अमान्य : मुख्य चुनाव आयुक्त

## एसआईआर पर गलत सूचना फैला रहे दल, 'वोट चोरी' के आरोप निराधार



**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग के खिलाफ 'वोट चोरी' के आरोपों के लिए राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता को मतदाता सूची में अनियमितताओं के अपने आरोपों पर सात दिन के भीतर शपथपत्र देना चाहिए, अन्यथा उनके 'वोट चोरी' के दावे ''निराधार और अमान्य'' माने जाएंगे। गांधी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में 'वोट चोरी' के आरोप लगाने और कई विपक्षी नेताओं द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को उठाने के बाद अपनी पहली प्रेस वार्ता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि या तो गांधी माफी मांगें या चुनावी नियमों के तहत हस्ताक्षरित हलफनामे के साथ अपने दावों का समर्थन करें। उन्होंने कहा, ''हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन के भीतर शपथपत्र नहीं दिया जाता है, तो दावे निराधार और अमान्य माने जाएंगे।'' 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 31 जुलाई को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रस्तुति के माध्यम से 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक वोट ''चोरी'' हुए थे। गांधी ने अन्य राज्यों में भी इसी तरह की अनियमितताओं का आरोप लगाया था। कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने गांधी से उनके दावों पर शपथपत्र दाखिल करने को कहा था, लेकिन गांधी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि न तो आयोग और न ही मतदाता दोहरे मतदान तथा ''वोट चोरी'' के आरोपों से डरते हैं। कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी त्रुटियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दल ''आयोग के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं।'' कुमार ने कहा, ''यदि कोई यह सोचता है कि गलत तथ्यों के साथ प्रस्तुतीकरण देने से आयोग कार्रवाई करेगा, तो ऐसा नहीं है। निर्वाचन आयोग ऐसे गंभीर मामले में हलफनामे के बिना कार्रवाई नहीं कर सकता, क्योंकि यह कानून और संविधान के खिलाफ होगा।''

### बिहार के बाद बंगाल और अन्य राज्यों में भी होगा एसआईआर

भारतीय चुनाव आयोग ने रविवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि बिहार की तरह अब पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) किया जाएगा। इस दिन, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में एसआईआर की तारीखों पर तीनों आयुक्त उचित समय देखकर निर्णय लेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही इन राज्यों की मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर आधिकारिक घोषणा की जाएगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची से सभी त्रुटियों को दूर करना है।

### चुनाव आयोग के अधिकारियों से मैं नहीं डरता: राहुल

**औरंगाबाद :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को चुनाव आयोग के संवाददाता सम्मेलन के बाद आरोप लगाया कि आयोग पहले छुपकर वोट की चोरी कर रहा था लेकिन अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर यह सरेआम हो रहा है। उन्होंने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान औरंगाबाद के रमेश चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरते हैं और न ही चुनाव आयोग से डरने वाले हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में कानून में बदलाव करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई के दायरे से मुक्त किया गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह नहीं चाहते कि वोट चोरी के कारण चुनाव आयोग पर किसी तरह की कार्रवाई हो।

### बिहार में मसौदा सूची से बाहर हुए 65 लाख मतदाताओं के नाम जिलों की वेबसाइट पर जारी : कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद बिहार की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए नामों की सूची उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद जिलाधिकारियों की वेबसाइटों पर डाल दी गई है। चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग से कहा था कि वह मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण प्रकाशित करे, साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके।

### 'इंडिया' गठबंधन आज उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी उम्मीदवार के नाम पर चर्चा कर सकता है

**नयी दिल्ली :** विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेता सोमवार सुबह उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने संयुक्त उम्मीदवार के नाम पर चर्चा कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी गठबंधन के नेता सोमवार सुबह 10.15 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में बैठक करेंगे। यह बैठक सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने के एक दिन बाद होगी।

### विदेश सचिव मिसरी ने नेपाल के प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात की

**काठमांडू :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नेपाल की दो दिवसीय यात्रा के दौरान रविवार को प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात की। प्रधानमंत्री सचिवालय के अनुसार, यह मुलाकात सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई। नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी इस दौरान उपस्थित रहे। मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर सुबह काठमांडू पहुंचे। मिसरी, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा से भी मुलाकात करेंगे। वह दिन में बाद में नेपाल के विदेश सचिव राय के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

## राजग ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना



**नयी दिल्ली :** भाजपा संसदीय बोर्ड ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में रविवार को नामित किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापक विचार-विमर्श के बाद राधाकृष्णन के नाम पर फैसला किया गया। नड्डा ने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल राजग उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। पिछले महीने जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त है।

### राधाकृष्णन ने हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने हमेशा हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया और अपने समर्पण, विनम्रता एवं बुद्धिमत्ता से एक अलग पहचान बनाई। मोदी ने कहा कि राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर व्यापक काम किया और उन्हें खुशी है कि राजग परिवार ने उन्हें गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समर्पण, विनम्रता और बुद्धिमत्ता के बलबूते खुद की अलग पहचान बनाई। उन्होंने लिखा, 'विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया।

## सिर पर संविधान रखकर नाचने वालों ने संविधान को कुचला : पीएम मोदी

**मोदी ने विपक्ष पर सत्ता में रहते हुए अन्यायपूर्ण, प्रतिगामी कानून बनाए रखने का आरोप लगाया**



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग ''अपने सिर पर संविधान की प्रति रखकर नाचते हैं'', उन्होंने सत्ता में रहते हुए संविधान की भावना को कुचलते हुए अन्यायपूर्ण और प्रतिगामी कानून बनाए रखे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विपक्षी दल दिल्ली और इसके आसपास के राज्यों हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''ये जो लोग संविधान सिर पर रख कर नाचते हैं ना, वो संविधान को कैसे कुचलते थे, वो बाबा साहेब (आंबेडकर) की भावना को कैसे दगा देते थे, वो सच्चाई मैं बताने जा रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''यह सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। दिल्ली में हमारे सफाई कर्मचारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमें हर सुबह उन्हें धन्यवाद देना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''पहले की सरकारें उनके साथ गुलामों जैसा व्यवहार करती थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम में एक प्रावधान था कि बिना पूर्व सूचना के ड्यूटी पर न आने पर सफाई कर्मचारियों को एक महीने की जेल हो सकती है। मोदी ने सवाल किया, ''वे सफाई कर्मचारियों के बारे में क्या सोचते थे? आप उन्हें एक छोटी सी गलती के लिए जेल में डाल देंगे।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य अक्सर संविधान की एक प्रति लेकर सत्तारूढ़ भाजपा के हमलों से उसकी रक्षा करने का संकल्प लेते देखे जाते हैं। मोदी ने कहा कि विपक्षी दल जो अब सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने देश में ऐसे कई नियम और कानून बनाए हैं।

### मोदी ने राज्यों से प्रस्तावित जीएसटी सुधारों को लागू करने में सहयोग का आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने दो एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र जीएसटी कानून को सरल बनाने और कर दरों में संशोधन करने का इरादा रखता है। मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जीएसटी कानून में सुधार के प्रस्ताव की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए सुधार का अर्थ सुशासन को आगे बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा कि सरकार लगातार सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आने वाले महीनों में हम कई बड़े सुधार करने जा रहे हैं, ताकि लोगों का जीवन और व्यवसाय करना आसान हो जाए।'' केंद्र जीएसटी में ''अगली पीढ़ी का सुधार'' ला रहा है। उन्होंने कहा, ''इस दिवाली लोगों को जीएसटी सुधार से दोहरा बोनस मिलेगा।''

## अरुणाचल की महिला पर्वतारोही ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एल्ब्रस' को फतह किया



**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश की पर्वतारोही कबाक यानो ने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी 'माउंट एल्ब्रस' को फतह करके अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। यानो 16 अगस्त को सुबह 5:20 बजे (स्थानीय समय) रूस की सबसे ऊंची पर्वत चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ गईं। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के.टी. परनाइक ने यानो को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। दक्षिण-पश्चिमी रूस के काकेशस पर्वत श्रृंखला में स्थित माउंट एल्ब्रस एक सुप्त ज्वालामुखी पर्वत है जो समुद्र तल से 18,510 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। एल्ब्रस पर चढ़ना उनकी सात शिखर चुनौतियों में से एक है, जिसमें प्रत्येक महाद्वीप के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ना शामिल है। राज्यपाल परनाइक ने 28 जुलाई को यानो को सात पर्वत शिखरों की चुनौती के लिए रवाना किया था। उन्होंने यानो के दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि वह मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करेंगी। राज्यपाल ने एक संदेश में कहा, '' यानो की असाधारण उपलब्धि अरुणाचल की सच्ची भावना को दर्शाती है और यह विशेष रूप से युवा लड़कियों के लिए साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत बनेगी।''

## भारत लौटने पर शुभांशु शुक्ला का जोरदार स्वागत

**प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात**



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद रविवार तड़के भारत लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। यहां हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए और ढोल बजाते हुए शुक्ला का भव्य स्वागत किया। शुक्ला का हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने स्वागत किया। शुक्ला ने सिंह द्वारा हवाई अड्डे पर स्वागत करने के बाद पोस्ट किए गए एक संदेश के जवाब में 'एक्स' पर लिखा, ''धन्यवाद महोदय। घर वापस आकर निश्चित रूप से अच्छा लग रहा है।'' शुक्ला की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी अंतरिक्ष उड़ान के लिए अमेरिका में लगभग एक वर्ष तक प्रशिक्षण लेने के बाद उनके घर लौटने पर स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ शुक्ला का स्वागत करने के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तिरंगा लहराते हुए भारी भीड़ जमा हुई थी। सरकार ने शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। शुभांशु शुक्ला 25 जून 2025 को एक्सि-ओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए थे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन रहे और 15 जुलाई को वापस लौटे। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों - पैगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोज उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की (पोलैंड) और टिबोर कापू (हंगरी) के साथ शुक्ला ने 18 दिवसीय मिशन के दौरान कई प्रयोग किए।

## बीजद प्रमुख नवीन पटनायक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, हालत स्थिर

**भुवनेश्वर :** बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक को निर्जलीकरण की शिकायत के बाद रविवार को यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। निजी अस्पताल द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया, ''नवीन पटनायक को आज शाम 5:15 बजे निर्जलीकरण के कारण भुवनेश्वर के एसयूएम अल्टीमेट मेडिकेयर में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और सेहत में सुधार हो रहा है।'' पार्टी नेताओं ने बताया कि 78 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ने शनिवार रात बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद कुछ डॉक्टर उनके आवास पर स्वास्थ्य जांच के लिए आये थे। बीजद नेताओं ने पहले कहा था कि पटनायक को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण भर्ती कराया गया है। पटनायक ने मुंबई के एक अस्पताल में सर्वाइकल ऑर्थराइटिस की सर्जरी कराई थी और वह 12 जुलाई को ओडिशा लौट आए थे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पटनायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



# जिम्मेदारी-जवाबदेही का भी हैं दायित्व

हमारे बीच वो पीढ़ी अपनों के सपनों का आकाश तलाश रही है, जिसने आजादी के लिये संघर्ष के त्रास को करीब से महसूस नहीं किया। सदियों वाली गुलामी की त्रासदी क्या होती है, पहले स्वतंत्रता दिवस पर देशव्यापी उल्लास के जुनून में इसकी झलक देखी जा सकती थी। निस्संदेह, बड़े जतन से हासिल किसी कामयाबी को वही व्यक्ति गहरे तक महसूस कर सकता है, जिसने उससे जुड़े त्रास को सहा हो। बेशक, इस आजादी की कीमत का अहसास नई पीढ़ी को होना चाहिए। लेकिन हाल के वर्षों में हम लोक-व्यवहार में ऐसी अराजकता देख रहे हैं, जो हमारी आजादी के दुरुपयोग की परिणति है। किसी भी आजादी का महत्व तभी तक है जब हम अपने व्यवहार में गरिमा, जिम्मेदारी व जवाबदेही का भाव लाएं। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेन व बसों में खाद्य वस्तुओं-फलों के अवशेष तथा पेय पदार्थों की बोतलों के अंबार लगे होते हैं। जो बताते हैं कि हम अपनी आजादी का कितना दुरुपयोग कर रहे हैं। जब आप ट्रेन से सफर कर रहे हों तो देखेंगे कि तमाम लोग चीजें खाकर उनके रैपर, प्लास्टिक की थैलियां तथा कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें खिड़की से बाहर फेंक देते हैं। प्लास्टिक का कचरा रेल की पटरियों में जहां-तहां बिखरा रहता है। आखिर कौन उठाएगा इस कचरे को? कमोबेश बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसी स्थिति बनी रहती है कि लोग कूड़ा-दान बने होने के बावजूद कचरे को फर्श पर फेंक देते हैं। निश्चय ही इस बाबत जवाबदेही तय करने की जरूरत है। इसी तरह लोग सड़क पर चलती कार से प्लास्टिक का कचरा सड़क पर फेंक देते हैं। जाहिर है सारे रास्ते की नियमित सफाई नहीं होती। प्लास्टिक का सामान गलता नहीं है और सालों-साल वहीं पड़ा जीव-जंतुओं के लिये मुसीबत पैदा करता है। कमोबेश, हिल स्टेशनों पर भी पर्यटक बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य कचरा पहाड़ों पर छोड़ आते हैं। जो जल स्रोतों व भूमि की उर्वरता को बाधित करता है।

इसी तरह देश की जीवनदायिनी नदियां हमारे फेंके गए कचरे से बुरी तरह प्रदूषित हो गई हैं। आस्था की हमें आजादी है लेकिन पूजा के बचे सामान, मूर्ति विसर्जन तथा प्लास्टिक की थैलियों को नदियों में बहाने की हमें आजादी नहीं है। आज नदियों का पानी आचमन तो दूर, सिंचाई की दृष्टि से भी विषैला हो गया है। दिल्ली में यमुना नदी में विषैले रसायनों का उफनता झाग फैक्ट्री मालिकों की निरंकुश आजादी का दंश है, जो जहरीले रासायनिक अवशेषों को जीवनदायिनी नदियों में बहा देते हैं। आखिर शासन-प्रशासन कहां तक निगरानी करेगा। उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश,समाज व व्यक्ति तथा प्रकृति के हितों के बारे में भी सोचना होगा। अकसर समाज में नकली पनीर व दूध बिकने की खबरें आती हैं। कैसे निष्ठुर लोग हैं कि चंद सिक्कों के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करने से नहीं चूकते। उन्हें मिलावट की आजादी नहीं है। यह आजादी का दुरुपयोग है। कहीं न कहीं आम जीवन में आजादी के लिये जिम्मेदारी का बोध नजर नहीं आता। देश की सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा की जवाबदेही हमारी स्वतंत्रता का ही हिस्सा है। हमें अपने घर के कचरे को सड़क या पड़ोसी के घर के बाहर फेंकने की आजादी भी नहीं है। शराब के ठेके के बाहर शराब पीकर सड़कों के बीच या किनारे खाली बोतलें फेंकने की भी हमें आजादी नहीं हैं। दुर्भाग्य से बोतलों के टूटने से बिखरा कांच कितने लोगों को घायल करता है, ये पीने की आजादी का दुरुपयोग करने वाले नहीं जानते। एक दार्शनिक ने कहा था कि तुम्हारी आजादी वहां खत्म हो जाती है जहां से मेरी नाक शुरू होती है। यानी किसी की आजादी का मतलब दूसरे व्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। यही बात हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व प्रक्रिया पर भी लागू होती है। यह आजादी विवेकशील मतदान की जवाबदेही भी तय करती है। वोट देने की आजादी कहती है कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम जाति-धर्म व क्षेत्र की संकीर्णताओं से मुक्त रहें। यह भी कि हमें इस बात की आजादी नहीं है कि हम दागियों को जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज सकें।

# वोटो का 'खेल' बनकर रह गया लोकतंत्र!



डॉ घनश्याम बादल

राजनीति भी अपने आप में बहुत विचित्र चीज है यह लोगों को अंदर तक प्रभावित करती है जब व्यक्ति राजनीतिक हो जाता है और कोई भी राजनीतिक दल (कोई भी का मतलब कोई भी ) उसको भावनात्मक रूप से अति संवेदनशील बना देता है तब वह सही ग़लत नहीं सोच पाता केवल 'अंधभक्ति या 'अंध विरोध' पर उतर आता है।

कई बार दलों के साथ जुड़ाव वंश परंपरा या परिवारों से, आता है तो कई बार हानि लाभ के गणित से और कई बार प्यार या नफरत से। अब राजनीतिक दल तो राजनीतिक दल हैं वें इनमें से हर एक अस्त्र-शस्त्र को आजमाते हैं और अपने लिए एक बड़ा समर्थक समूह खड़ा कर लेते हैं जिसके आधार पर वें या तो सत्ता में पहुंच जाते हैं अथवा सत्ता में पहुंचने का सपना पूरा करने के लिए कुछ भी (कुछ भी का मतलब कुछ भी) करने पर उतारू रहते हैं।

राजनीतिक दल व्यक्ति को व्यक्ति नहीं बल्कि केवल एक 'वोट' के रूप में देखते हैं और उसके लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े, किसी भी तरीके से भावनाएं जगानी पड़ें, वें हर तरीका इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए देशभक्ति से लेकर धार्मिक भक्ति तक और नफ़रत से लेकर दंगों एवं हत्याओं तक का सहारा लेने से नहीं हिचकते और जो राजनीतिक दल अधिक से अधिक 'ब्रेनवाश' करने में कामयाब हो जाता है या जितने समय तक वह अपने विचार आपके दिल एवं दिमाग में भर सकता है वह सत्ता का आनंद लेता है 'लायन शेयर' खुद रखता है और थोड़ी बहुत टुकड़े या हड्डियां समर्थकों में बांटता है। कभी-कभी विरोधियों को अपने पक्ष में लेने के लिए भी वह यह सब करता है लेकिन उसका केवल और केवल एक ही उद्देश्य होता है और वह है खुद की सत्ता को बनाए रखना या फिर येन केन प्राकारेण सत्ता में पहुंच जाना।

दुनिया भर में जितने भी युद्ध होते हैं चाहे वें राष्ट्रीय हों,अंतर-राष्ट्रीय हों या अंतर्राष्ट्रीय इन सब का मूल एक ही है राजनीतिक व्यक्तियों एवं दलों की अधिक से अधिक 'पॉवर एवं पजेशन' की नीति यानी ताकत और 'ज्यादा से ज्यादा अपनी' मुट्ठी में करना।

यें दल और उसके नेता अच्छे से जानते हैं कि उनका 'इजी टारगेट'यानी आसानी से फंसने वाला चारा हमेशा भावनात्मक वर्ग होता है। इसके लिए भी जहां धर्म एवं आस्था से जुड़े बड़े ठेकेदारों को पकड़ते हैं वहीं लेखकों, कवियों एवं मीडियाकर्मियों ने मीडिया घरानों को भी एक माध्यम बनाते हैं। उन्हें खरीदने से लेकर पीसने तक कुछ भी करने से उन्हें कोई उज्र नहीं होता।

इन दिनों अखबारों, मीडिया, सोशल साइट्स, वर्चुअल मंच या डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तक पर ऐसे ग्रुप एक गैंग के रूप में सक्रिय हैं जो अपने बड़े आकाओं के सपनों को जाने अनजाने में पूरा करने के लिए हर कोशिश करते हैं। अपने आकाओं को खुश करने या कुछ पद, पैसा या पॉवर प्राप्त करने के लिए ऐसे लोग मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। अपनी आत्मा को मारकर उल्टे सीधे तर्क गढ़कर किसी भी तरह विपक्षियों को ध्वस्त करने की रणनीति के साथ चलते हैं और अपने आकाओं को खुश करते हैं ताकि जब 'प्रसाद' और 'प्रासाद' बंटे तो आपके हिस्से में भी ज़रूर आएं।

**राजनीति :**

जिस तरह दुनिया भर के देशों की ख़ुफ़िया एजेंसियां दूसरे देशों में एक्शन लेने के लिए अपने एजेंट लंबे समय तक स्लीपिंग सेल्स के रूप में छोड़ देते हैं और जब उनकी ज़रूरत पड़ती है तब उन्हें एलर्ट एवं एक्टिव कर अपना लक्ष्य हासिल कर लेते हैं। इसी तरह कुछ चतुर राजनीतिक दल अपने अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से अपनी विचारधारा के कट्टर अनुयायियों को आम लोगों के बीच छोड़ देते हैं जो समय-समय पर इन्हें अपने दल के प्रति चलने वाले विचारों को से अवगत कराते हैं और समय तथा स्थिति के अनुसार यें अपने इन एजेंटों के माध्यम से आम जनता के मनोमस्तिष्क में अपनी विच-ारधारा को बड़ी चतुराई से रख देते हैं तथा उन्हें वोटो के रूप में इस्तेमाल करके सत्ता का आनंद लेते हैं।

जब येम दल सत्ता में आ जाते हैं तब अपनी इन स्लीपिंग सेल्स को भी 'उपकृत' करने का तरीका ढूंढ लेते हैं कभी पद तो कभी ठेकेदारी तो कभी कमीशन एजेंट या दूसरे रूपों में अपने 'काम के लोगों' को यें लाभ पहुंचाते हैं। परंतु इसका घाटा केवल और केवल देश या आम लोगों को होता है और दुर्भाग्य से जिस देश में जनचेतना कम होती है या फिर लोकमत का अभाव होता है वहां पर ऐसे दल लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते हैं।

यह स्थिति अकेले भारत में नहीं है अभी तो दुनिया के अधिकांश विकासशील देशों में ऐसा ही है तभी तो अफगानिस्तान में तालिबान पाकिस्तान में कट्टरपंथी, बांग्लादेश में तथाकथित इस्लामी चिंतन के लोग कभी वोटो के बल पर, कभी नोटों के बल पर तो कभी बंदूक के बल पर सत्ता में आते-जाते रहे हैं।

भारत में अक्सर लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं और आम वोटर को बहुत समझदार बताया जाता है लेकिन असली स्थिति यह है कि उस तथाकथित समझदार वोटर को कई बार तो यह भी पता नहीं होता किसे वोट दे रहा है, क्यों दे रहा है, उसकी नीतियां क्या है और उनका असर क्या होना है।

इसका अज्ञानता का दोष इन वोटर्स को नहीं अपितु उस व्यवस्था को दिया जाना चाहिए जिसने आज़ादी के 78 साल बाद भी ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित नहीं की जो आने वाली पीढ़ियों को सचमुच में तर्कशील, चिंतनशील एवं कुशल बना सके।

यदि वोटों की फसल का यह खेला चलता रहा तो फिर आगे भी ऐसा ही होता रहेगा।

इसके अगले दोषी वे संपन्न लोग हैं जो वोट देने के लफड़े में ही नहीं पड़ना चाहते क्योंकि उन्हें पता है कि वें जैसे चाहें व्यवस्थाको अपने पक्ष में कर सकते हैं और सबसे बड़े दोषी वे राजनीतिक दल और नेता हैं जो केवल और केवल अपने स्वार्थ की राजनीति करते हैं।

# अलास्का से उठा सवाल: क्या भारत बनेगा शांति का सेतु?



प्रो. आरके जैन अरिजीत

जब विश्व की निगाहें अलास्का के एंकोरेज पर टिकी थीं, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात रूस-यूक्रेन युद्ध की आग को शांत करने की उम्मीद जगा रही थी, तब भारत सहित पूरी दुनिया सांस थामे इस ऐतिहासिक क्षण की प्रतीक्षा में थी। यह मुलाकात, जो वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही थी, तीन घंटे की गहन चर्चा के बाद बेनतीजा रही। ट्रंप का दृढ़ कथन, समझौता तभी, जब वास्तव में समझौता हो, और पुतिन का युद्ध के मूल कारणों को समाप्त करने पर जोर, वैश्विक कूटनीति की जटिलता को उजागर करता है। भारत, जो शांति का सिपाही और रणनीतिक संतुलन का प्रतीक रहा है, इस विफलता को एक चुनौती के साथ-साथ अवसर के रूप में देखता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 से शुरू होकर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को हिलाकर रख चुका है, भारत के लिए विशेष महत्व रखता है। इस युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया, तेल और गैस की कीमतों में उछाल लाया और खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता पर गहरा प्रभाव डाला। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर करता है, ने इस संकट का सामना करने के लिए रूस से रियायती तेल आयात को बढ़ाया। यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण रहा, लेकिन वैश्विक बाजारों की अस्थिरता ने नई चुनौतियां खड़ी कीं। इसके साथ ही, भारत ने क्वाड और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिमी देशों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा किया है, जिसने उसे एक नाजुक संतुलन की राह पर ला खड़ा किया है।

इस संदर्भ में, अलास्का की असफल वार्ता भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देती है। यह विफलता भारत को अपनी कूटनीति को और तीक्ष्ण करने और वैश्विक मंच पर अपनी तटस्थता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन, यह युद्ध का युग नहीं है, भारत की शांति-समर्थक नीति को रेखांकित करता है। यह नीति भारत को रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर देती है, जिससे वह वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान दे सकता है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की इस वार्ता में अनुपस्थिति ने यूरोप में चिंताओं को बढ़ा दिया। जेलेंस्की ने रूसी हमलों की निरंतरता पर अपनी नाराजगी व्यक्त की, जो मॉस्को की युद्ध समाप्त करने की अनिच्छा को दर्शाता है। दूसरी ओर, पुतिन ने युद्ध के मूल कारणों पर जोर दिया, जो नाटो के विस्तार और रूस की सुरक्षा चिंताओं से जुड़े हैं। यह रूस की अडिग स्थिति को दर्शाता है। वहीं, ट्रंप की सख्त शर्तें, जो युद्ध के त्वरित अंत की संभावनाओं को धूमिल करती हैं, वैश्विक कूटनीति की जटिलता को और स्पष्ट करती हैं।

इस स्थिति में भारत की तटस्थता एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। भारत ने रूस के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को बनाए रखा है,

**शांति की पुकार: असफल वार्ता के बाद भारत का बढ़ता महत्व**

जबकि यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान करके अपनी शांति-समर्थक छवि को मजबूत किया है। 2022 से, भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, चिकित्सा उपकरण और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान की है, जो उसकी मानवीय नीति का प्रमाण है। यह तटस्थता भारत को एक ऐसे मध्यस्थ के रूप में स्थापित करती है, जो न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है, बल्कि वैश्विक शांति के लिए एक सेतु का निर्माण भी कर सकता है।

अलास्का की यह असफल वार्ता भारत के लिए अपनी कूटनीतिक भूमिका को और सक्रिय करने का एक सुनहरा अवसर है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर शांति प्रस्तावों का समर्थन किया है और रूस-यूक्रेन के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया है। भारत की अद्वितीय स्थिति न तो पूरी तरह पश्चिमी ब्लॉक का हिस्सा, न ही रूस-चीन गठजोड़ का, उसे वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय मध्यस्थ बनने का अवसर देती है। यह स्थिति भारत को वैश्विक शांति प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।

इसके साथ ही, युद्ध के लंबा खिंचने की संभावना भारत को अपनी ऊर्जा और रक्षा नीतियों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। भारत ने हाल के वर्षों में स्वदेशी रक्षा उत्पादन और ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। उदाहरण के लिए, 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत भारत ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों और तकनीकों का विकास तेज किया है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा में निवेश बढ़ाकर भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए हैं। यह अनिश्चितता का दौर भारत के लिए अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को और सशक्त करने का अवसर है।

अलास्का की यह नाकाम वार्ता वैश्विक कूटनीति की नाजुकता को उजागर करती है। यह दिखाती है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए केवल बड़े नेताओं की मुलाकातें पर्याप्त नहीं हैं; इसके लिए गहन संवाद, आपसी विश्वास और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भारत, जो अपनी कूटनीतिक चतुराई और तटस्थता के लिए जाना जाता है, इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत की संवाद और सहयोग की नीति उसकी वैश्विक साख को मजबूत करती है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत को शांति प्रस्तावों को और जोरदार तरीके से उठाना होगा। साथ ही, भारत को अपने आर्थिक और रक्षा हितों की रक्षा के लिए रणनीतिक स्वायत्तता को और सशक्त करना होगा।

भारत की यह तटस्थता और कूटनीतिक चतुराई उसे वैश्विक शांति में योगदान देने का अवसर देती है। भारत ने पहले भी कई मौकों पर वैश्विक संकटों में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है, और यह स्थिति भी उसकी कूटनीतिक क्षमता को परखने का अवसर है। भारत को चाहिए कि वह न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे, बल्कि वैश्विक मंच पर एक ऐसी शक्ति के रूप में उभरे, जो स्थिरता और शांति की नई राह बनाए।

अलास्का की असफल वार्ता ने वैश्विक कूटनीति की जटिलताओं को उजागर किया है, लेकिन भारत के लिए यह एक अवसर है। अपनी तटस्थता, कूटनीतिक चतुराई और रणनीतिक स्वायत्तता के बल पर भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता में महत्व-पूर्ण योगदान दे सकता है। यह समय भारत के लिए अपनी वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने का है। रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे संकटों के बीच भारत की नीति-संवाद, सहयोग और आत्मनिर्भरता-उसे एक ऐसी शक्ति के रूप में स्थापित करती है, जो न केवल अपने भविष्य को सुरक्षित करे, बल्कि विश्व को शांति और समृद्धि की ओर ले जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 अगस्त, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद कृष्णपक्ष दशमी, 17:24 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 26:04 तक, योग : व्हरषाना, 22:56 तक, सूर्योदय: 5:14, सूर्यास्त: 18:07, चन्द्रोदय : 24:56, चन्द्रास्त: 14:12, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 06:53 से 08:29

## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता के चलते लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, कुछ साहसिक निर्णयों और कार्यों के चलते आपका व आपके परिवार का गौरव भी बढ़ेगा।

**वृष :** आपको कार्यस्थल पर आज अपने किसी प्रोजेक्ट या कार्य में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और सम्मान में भी वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आपका दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज सही गति से चलेगा और आपके ऊपर से काम का प्रेशर भी थोड़ा कम होगा। परिवार में माहौल सामान्य बना रहेगा।

**कर्क :** अगर लंबे समय से कार्यस्थल पर आपका प्रमोशन रुका हुआ है तो अब वह पूर्ण हो सकता है। कारोबार के मामले में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह :** व्यापार करने वालों को कार्यक्षेत्र में कुछ नए परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। वहीं, नौकरी करने वालों के अधिकार में वृद्धि होगी, जिससे आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और कुछ नई जिम्मेदारियां मिलने की भी संभावना है। अपने सुख के साधनों को बढ़ाने के लिए कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं।

**तुला :** कामकाज के मामले में दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सोच-विचार करके काम करने के बावजूद कुछ नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

**वृश्चिक :** नौकरी करने वालों के पद में वृद्धि हो सकती है और अधिकार बढ़ने की भी संभावना है। सुखों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में आप नई-नई योजनाएं बना सकते हैं और किसी नए प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू किया जा सकता है। सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर रहेगा।

**मकर :** आप पूरे दिन उत्साह और जोश से भरे रहेंगे, लेकिन आर्थिक मामलों में आपको कुछ अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बजट बनाकर चलना फायदेमंद रहेगा।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा, अन्यथा हानि का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हर निर्णय या कार्य को धैर्य के साथ करना बेहतर रहेगा।

**मीन :** स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं रहेगा। आपको पेट से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और पराक्रम भी बढ़ेगा।

## देश की खबरें

### उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक को मंजूरी दी



**देहरादून :** उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने रविवार को अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी जिसे 19 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा । आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूर किए गए इस विधेयक के तहत, राज्य में मुसलमान समुदाय के अतिरिक्त अन्य अल्पसंख्यक समुदायों-सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी के शैक्षिक संस्थानों को भी अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा प्राप्त होगा। फिलहाल अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुसलमान समुदाय के शैक्षिक संस्थानों को ही मिलता है। इस विधेयक के अधिनियम बनने एवं उसे लागू होने पर मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों में गुरुमुखी और पाली भाषा का अध्ययन भी संभव होगा। इस विधेयक में एक ऐसे प्राधिकरण के गठन का प्रावधान है जिससे सभी अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षणिक संस्थानों को मान्यता लेना अनिवार्य होगा । यह प्राधिकरण इन संस्थानों में शैक्षिक उत्कृष्टता को सुविधाजनक बनाने एवं उसे बढ़ावा देने का कार्य करेगा जिससे अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और उनका शैक्षणिक विकास हो सके। विधेयक के तहत प्राधिकरण द्वारा अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान की मान्यता तभी प्रदान की जायेगी जब आवेदक द्वारा कुछ शर्तें पूरी की जायेंगी।

### न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के प्रयासों में महाराष्ट्र सरकार अग्रणी : सीजेआई गवई



**मुंबई :** भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने में हमेशा अग्रणी रही है। वह कोल्हापुर जिले में बम्बई उच्च न्यायालय की नयी सर्किट पीठ का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित थे। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा, ''कुछ लोगों ने, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता, यह टिप्पणी की थी कि न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के मामले में महाराष्ट्र सरकार पीछे है।'' उन्होंने कहा, ''यह गलत है। मेरा मानना है कि जब न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे का सवाल आता है, तो इस मामले में महाराष्ट्र पीछे नहीं है। बुनियादी ढांचे के मामले में सरकार हमेशा न्यायपालिका के साथ खड़ी है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित करके असंभव को संभव बना दिया है कि कोल्हापुर पीठ के लिए भवन कम समय में ही बन जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जो लोग यह टिप्पणी करते हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे के मामले में राज्य सरकार पिछड़ रही है, वे देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बारे में नहीं जानते।

### दिल्ली के निर्वाचन अधिकारी ने 41 राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने चुनाव में अपने उम्मीदवार नहीं उतारने वाले 41 राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और उन्हें 'कारण बताओ नोटिस' भी जारी किया है। इन राजनीतिक दलों को 27 अगस्त तक नोटिस का जवाब देना है। जिन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें आम आदमी मुक्ति मोर्चा, आदर्श राजनीतिक दल, बहुजन समाजवादी पार्टी (बाबा साहेब), जन कल्याण पार्टी और भारतीय व्यापार पार्टी शामिल हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3180



**ऊपर से नीचे:-** 1) धन्यवाद, 2) दो में से एक भाग, 3) धमकाना; डराना, 4) अनोखा; विचित्र, 5) ढीला पाजामा, 6) आधे के साथ, 9) क से ह तक की वर्ण-माला, 11) समस्तर, 12) फलनाफूलना, 15) व्यस्त, 17) मार्गच्युत, 20) चमकदार, 22) धार्मिक, 23) मुरली, 25) काष्ठ; काठ, 27) कंगाली. *(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) आरंभ, 5) एक तिकोना नमकीन पकवान, 7) पानी का सोता, 8) एक हिमालयीन *(भारवाहक)* रोमल पशु, 10) बहस; प्रश्नोत्तर, 13) दुर्जन, 14) जख़्म पर लगाने का गाढ़ा और चिकना लेप, 16) भुजा, 17) बौद्ध साधु, 18) विवाह, 19) हुकूमत, 21) पल, 24) पिछले दिनों, 26) स्त्रियोचित; स्त्रियों का सा, 28) सरल, 29) दर्द की आवाज़, 30) अव्यवस्था ; उपद्रव, 31) देहविकार.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | क | वा | स | | आ | | पी | त | ल |
| र | | | दै | व | वा | दी | | य | ह |
| स | ह | दे | व | | ह | या | त | | रा |
| ना | | हा | | म | न | | र | खा | ना |
| | सा | व | धा | न | | ता | ब | | |
| क | ल | सा | | हू | र | | त | बा | ह |
| हा | | न | | स | वि | स्ता | र | | म |
| सु | धा | | ग | | वा | | | बं | द |
| नी | र | | ज़ | ब | र | द | स्ती | | र्दी |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 3 | | | 4 | 1 | 7 | 6 | | |
| | 9 | | 8 | 2 | | | | |
| | | 8 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 9 | | | 1 | | | | | |
| | 4 | | | | | | 1 | 6 |
| 8 | | 1 | | | | | | 4 |
| | | 5 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3136 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 9 | 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 4 | 7 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 8 |
| 8 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |

# आज एसएससी मार्च से पेट्रोल बम फेंकने की साजिश?

## पुलिस ने ऑडियो क्लिप जारी कर किया सनसनीखेज दावा

**कोलकाता :** एसएससी आंदोलन के बहाने हिंसा की साज़िश का आरोप सामने आया है। बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय ने एक ऑडियो क्लिप सार्वजनिक कर दावा किया है कि आंदोलनकारियों की ओर से पुलिस को निशाना बनाकर सॉकेट बम और पेट्रोल बम फेंकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस के मुताबिक इस 6 मिनट लंबे फोनालाप में बमबाज़ी और आगजनी की बातें की गई हैं। यहां तक कि एसएससी परीक्षा केंद्रों में धमाके करने की धमकी भी दी गई है। इस आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



हालांकि, योग्य शिक्षक-शिक्षिका अधिकार मंच के सदस्य सुमन विश्वास ने पुलिस के दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उनका कहना है, इस तरह की किसी भी टिप्पणी से हमारा कोई संबंध नहीं है। हम कभी कानून हाथ में नहीं लेना चाहते। न लेंगे। हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण है और हम केवल चर्चा चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलनकारियों की ओर से एसएससी चेयरमैन सिद्धार्थ मजूमदार के साथ बातचीत की मांग की गई है, ताकि यह साफ़ हो सके कि 10 साल बाद उन्हें फिर से परीक्षा क्यों देनी पड़ रही है।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार यदि आंदोलन निर्धारित स्थान पर होता है तो कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन, यदि कहीं और हिंसक गतिविधि हुई तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी ओर, सुमन विश्वास ने कहा कि सोमवार को हर हाल में एसएससी अभियान होगा और वह पुलिस के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने 'योग्य' नौकरी से वंचित उम्मीदवारों से इसमें शामिल होने की अपील भी की है।

# बाइक की चाबी छीने जाने पर हुए विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाइक की चाबी छीन लिए जाने के बाद झगड़ा हो गया और उस झगड़े में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवक के साथियों ने तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना शनिवार की देर रात बारुईपुर थाना क्षेत्र में हुई। मृतक की पहचान शुभंकर मंडल के रूप में की गई है। बताया गया है कि वह बारुईपुर थाना अंतर्गत मादाराट ग्राम पंचायत में टगरबेड़िया प्राथमिक विद्यालय के पास अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। उसके साथ दो दोस्त भी थे। उनमें से एक नाबालिग था। शनिवार की रात लगभग 12:30 बजे, तीन अज्ञात स्थानीय युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। जगाई,



अरूप और भुतो नाम के तीन स्थानीय युवकों ने कथित तौर पर शुभंकर की बाइक की चाबी छीन ली। उस समय, उनके बीच झगड़ा हो गया, जो मारपीट में बदल गई। मृत युवक के साथियों ने आरोप लगाया कि इसी दौरान तीन स्थानीय युवकों ने शुभंकर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से वह जमीन पर गिर गया, तभी तीनों स्थानीय युवक वहां से भाग गए। खून से लथपथ शुभांकर को उसके दो साथी बाइक पर बारुईपुर उपजिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृत शुभांकर के साथ मौजूद बाबाई और एक नाबालिग नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, पुलिस ने आरोपी जगाई नस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। बाकी दो फरार हैं। जांचकर्ताओं ने कुछ और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### पोलेरहाट में सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कोलकाता :** भोजेरहाट रोड पर कुलबेड़िया प्राथमिक विद्यालय के पास आधी रात को हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना मोटरसाइकिल और स्कूटर के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुई। हादसे में मोटरसाइकिल चालक संकीत सरदार (20 वर्ष), निवासी हसनपुर, थाना सोनारपुर, की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा उसे जिरांगाछा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, स्कूटर सवार कौशिक मंडल (20 वर्ष), निवासी खराम्बा, भोजेरहाट, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रॉमा केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वैष्णव ने कोलकाता मेट्रो के उद्घाटन समारोह के लिए मुख्यमंत्री ममता को किया आमंत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 22 अगस्त को कोलकाता में तीन मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आमंत्रित किया है। बता दें कि उस दिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रीन लाइन के सियालदाह-एस्प्लेनेड खंड, ऑरेंज लाइन के हेमंत मुखोपाध्याय (रूबी चौराहा)-बेलेघाटा खंड और येलो लाइन के नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर (हवाई अड्डा) खंड का उद्घाटन करेंगे। वैष्णव ने 14 अगस्त को लिखे पत्र में कहा कि हम आपको उपरोक्त कार्यक्रम के लिए जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित करते हैं। मुख्यमंत्री या राज्य सरकार ने अब




तक पुष्टि नहीं की है कि वह कार्यक्रम में शामिल होंगी या नहीं। प्रधानमंत्री द्वारा 22 अगस्त को कोलकाता मेट्रो के तीन खंडों के उद्घाटन के साथ भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो कही जाने वाली ग्रीन लाइन पूरी तरह से चालू हो जाएगी, जो हावड़ा मैदान को साल्ट लेक सेक्टर 5 से जोड़ेगी, और कोलकाता हवाई अड्डे को मेट्रो लिंक मिलेगा।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूजा से पहले छात्रों को मिलेगी साइकिल, नवान्न ने शुरू की तैयारी

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कन्याश्री दिवस के मौके पर धनधान्य प्रेक्षागृह में घोषणा की थी कि राज्य के 12 लाख छात्र-छात्राओं को सबुज साथी परियोजना के तहत साइकिल उपहार में दी जाएगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद नवान्न ने तुरंत पहल करते हुए साइकिल वितरण की तैयारी तेज कर दी है।

14 अगस्त को घोषणा होने के बाद लगातार तीन दिन सरकारी अवकाश रहने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। लेकिन सोमवार से ही सप्ताह की शुरुआत पर प्रशासन को सख्त निर्देश दिया गया कि इस प्रक्रिया को तुरंत गति दी जाए।



प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सितंबर के अंतिम सप्ताह से राज्य में शारदोत्सव की शुरुआत होगी। उससे पहले अधिकतर छात्र-छात्राओं के हाथों में साइकिल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नवान्न के शीर्ष अधिकारियों की कोशिश है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह से ही वितरण कार्य शुरू कर दिया जाए।


सबुज साथी परियोजना के अंतर्गत स्कूल विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पश्चिम बंगाल सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को दी गई है। वहीं, साइकिल खरीद और वितरण कार्य की जिम्मेदारी पश्चिम बंगाल एससी, एसटी और ओबीसी विकास एवं वित्त निगम को सौंपी गई है।

सरकार का मानना है कि इस योजना से विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनकी भागीदारी और भी मजबूत होगी।

# टीएमसी ने बंगाल में एसआईआर की प्रभावशीलता पर जताया संदेह

## विरोध का लिया संकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रभावशीलता पर रविवार को संदेह जताया। पार्टी ने वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाने के आयोग के किसी भी कदम का विरोध करने का संकल्प लिया। टीएमसी प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए संवाददाताओं से कहा कि हम भी चाहते हैं कि एक भी मृत मतदाता का नाम मतदाता सूची में न रहे। फिर 2024 के आम चुनाव उसी मतदाता सूची के आधार पर कैसे हुए? निर्वाचन आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या 2024 के चुनाव त्रुटिपूर्ण मतदाता




सूची के आधार पर हुए थे, जैसा कि हमारे नेता अभिषेक बनर्जी ने दोहराया है? मजूमदार ने कहा कि पार्टी को पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रभावशीलता और निर्वाचन आयोग की मंशा पर गंभीर संदेह है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त महोदय, कृपया यह न मानें कि हमारी औसत बुद्धिमत्ता भाजपा कार्यकर्ताओं के समान है। आज की प्रेस वार्ता के दौरान आपके दावे हास्यास्पद थे।

# कसबा में भाजपा के मंडल सचिव पर हमला, तृणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक भाजपा नेता पर हमला की गटना सामने आई है। भाजपा के मंडल सचिव टिंकू पोद्दार पर उनके घर के पास कथित तौर पर हमला हुआ। आरोप है कि भाजपा करने के लिए उसे लोहे की रॉड से पीटा गया। हमले का आरोप तृणमूल के कुछ नेता व समर्थकों पर लगाया गया है। भाजपा नेता के परिवार के सदस्यों पर भी कथित तौर पर हमला किया गया। भाजपा ने वीडियो पोस्ट किया। भाजपा सूत्रों के अनुसार, घटना शनिवार रात शुरू हुई। टिंकू का बड़ा भाई स्थानीय मंदिर के जन्माष्टमी उत्सव में लोगों की अनुपस्थिति पर अपना गुस्सा व्यक्त करने के लिए क्लब गया था, सभी लोग मातंगिनी क्लब में एक फुटबॉल खेल की तैयारी में व्यस्त थे। कथित तौर पर,



इसके कारण टिंकू के बड़े भाई और क्लब सचिव के बीच झगड़ा हुआ। टिंकू भी इस घटना में शामिल था। आरोप है कि तृणमूल के बाहर के बदमाशों ने आकर उस पर हमला किया। टिंकू ने आरोप लगाया कि इसके पीछे पुरानी दुश्मनी थी। हालांकि, इस घटना के बारे में तृणमूल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# चंदे की रंगदारी में युवक की पिटाई, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कमरहट्टी में एक युवक की पिटाई और उसके सिर पर पत्थर मारने के आरोप में बेलघरिया थाने की पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रोहित सिंह और उसके दो दोस्तों सायन दास और सौरभ दत्ता को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सायन दास और सौरभ दत्ता को बशीरहाट के टाकी से गिरफ्तार किया गया। जबकि, रोहित सिंह को बैरकपुर से पकड़ा गया। पुलिस हिरासत की मांग को लेकर उन्हें अदालत में पेश किया गया है। बता दें कि गत शुक्रवार की रात कमरहट्टी नगरपालिका के वार्ड 25 के पाखीर खाचा इलाके में गणेश चतुर्थी के लिए कुछ युवकों के खिलाफ रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मांग पूरी नहीं होने पर रोहित सिंह और उसके गिरोह के खिलाफ 22 वर्षीय आदित्य मोहंती नाम के युवक की बुरी तरह पिटाई करने और उसके चेहरे पर ईंट से वार करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। घायल युवक को सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद इलाके में माहौल गरमा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि न सिर्फ रंगदारी वसूली हो रही है, बल्कि इलाके में कुछ युवक असामाजिक गतिविधियां भी कर रहे हैं। उन्होंने शराब पीने और धूम्रपान करने का अड्डा बना लिया है। उनके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। पीड़ित की मां ने भी यही आरोप लगाया है। उन्होंने अपने बेटे की पिटाई के आरोप में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात आरोपी गिरफ्तार

## घोला में पुलिस ने एक आलाशीन होटल में चलाया संयुक्त अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा**

करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पता चला है कि गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के बाद पुलिस के संयुक्त अभियान में सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि बैरकपुर साइबर क्राइम थाना और घोला थाने की पुलिस ने घोला मुड़ागाछा इलाके के एक आलीशान होटल में गुप्त अभियान चलाया। दरअसल, पुलिस को विशेष सूचना मिली थी कि उस होटल में सात बदमाश छिपे हुए हैं। आरोप है कि इस धोखाधड़ी गिरोह ने विभिन्न बैंकों के खातों को हैक कर करोड़ों रुपये का गबन किया है। उस शिकायत के आधार पर अभियान चलाया गया और सात जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सात लोगों में से चार नदिया जिले के रहने वाले हैं। वहीं, बाकी तीन खड़दह और टीटागढ़ इलाके में रहते हैं। गिरफ्तार लोगों के पास से कई महत्वपूर्ण सामान बरामद किए गए हैं। सात लोगों के पास से कुल सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

इसके अलावा, उनके पास से कई फर्जी सिम कार्ड, विभिन्न बैंकों की पासबुक और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस बरामद सामान और दस्तावेजों की जांच कर रही है। जांचकर्ताओं का अनुमान है कि उन दस्तावेज़ों से और भी कई जानकारियां मिलेंगी। साथ ही, इस बात का भी पता चलेगा कि क्या इस गिरोह में कोई और भी शामिल है। इसके अलावा, पुलिस इस बात की भी गहन जांच कर रही है कि यह गिरोह किस तरह बैंक की जानकारी चुराकर करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा था।

# बसीरहाट में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, छह गिरफ्तार

❑ **साइबर क्राइम पुलिस ने बरामद किए सात लाख रुपये**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट से एक बड़ा ठगी का मामला सामने आया है। बसीरहाट के नैहाटी निवासी बिक्रम मजूमदार लंबे समय से नौकरी की तलाश में थे। इसी दौरान उन्हें जनवरी महीने में एक नामी अखबार में बैंक की नौकरी से जुड़ा विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने के बाद उनकी मुश्किलें शुरू हो गईं। बताया गया है कि जब उन्होंने अखबार में दिए गए नंबर से संपर्क किया तो ठगों ने उनसे सबसे पहले 401 रुपये नाम दर्ज कराने और फॉर्म फिलअप के नाम पर मांगे। इसके बाद विभिन्न प्रकार के कागजों के नथी के मांग करते हुए बार-बार पैसे ऐंठते रहे। इसी तरह धीरे-धीरे बिक्रम और उनके परिवार से कुल सात लाख दो हजार रुपये वसूल लिए गए। लेकिन इतनी बड़ी रकम देने के बावजूद कोई




नौकरी नहीं मिली। ठगे जाने का एहसास होते ही बिक्रम ने बसीरहाट साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि यही गिरोह लंबे समय से नौकरी के नाम पर लोगों को ठग रहा था। पुलिस ने ठगों के पास से बिक्रम मजूमदार और उनके परिवार द्वारा दिए गए पूरे सात लाख दो हजार रुपये बरामद कर लिए। बाद में वह रकम पुलिस ने रविवार को पीड़ित परिवार को वापस सौंप दी। इस मामले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नौकरी से जुड़े विज्ञापनों और एजेंटों के जाल में फंसने से पहले सतर्कता और जांच बेहद जरूरी है।

# नाकतला में सरकारी स्कूल में बच्ची से यौन उत्पीड़न, अभिभावकों के सामने ही भागा आरोपी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजीनगर थाना अंतर्गत नाकतला में स्थित एक सरकारी स्कूल में एक बच्ची से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोक्सो की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप एक बाहरी व्यक्ति पर लगाए गए हैं। पता चला है कि नाकतला के उस सरकारी स्कूल के भीतर शम्पा दास नाम की एक शिक्षिका एक निजी स्कूल चलाती है। यह एक निजी अंग्रेजी माध्यम का स्कूल है। घटना 13 अगस्त की है। पता चला है कि उस दिन, एक व्यक्ति अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में किताबें देने आया था। बच्ची उस दिन स्कूल गई थी। कथित तौर पर, उस व्यक्ति ने बच्ची को कक्षा में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। लेकिन स्कूल के बाहर इकट्ठा हुए अभिभावकों ने आरोपी को रंगे हाथों



पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी गई। स्कूल प्रशासन ने नेताजीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। अभिभावकों ने स्कूल के बाहर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ी पुलिस बल भेजा गया। लेकिन, आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि स्कूल की शिक्षिका ने उस व्यक्ति को भागने में मदद की। सवाल उठता है कि स्कूल ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? अभियुक्त को भागने में मदद क्यों मिली?

# फर्जी निवेश योजना के नाम पर ठगी, साइबर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** साइबर पुलिस स्टेशन, कोलकाता ने एक बड़े ठगी कांड का भंडाफोड़ करते हुए 34 वर्षीय अभियुक्त स्नेहाशीष हालदार को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर फर्जी निवेश योजना का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप है। मामला केस नंबर 109/24, दिनांक 25 सितंबर 2024 के अंतर्गत दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता सुभ्रतो घोष (59), निवासी ठाकुरपुकुर, को आरोपियों ने झूठे निवेश के बहाने मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। इसी बहाने घोष से करीब 64,62,043 की ठगी की गई। जांच के दौरान सामने आया कि 14 अगस्त 2024 को पीड़ित ने अपने एचडीएफसी बैंक खाते से



सबसे पहले 50,000 रुपये बंदन बैंक खाते में ट्रांसफर किए। उसी दिन आगे 2,37,380 रुपये की बड़ी राशि एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। यह बैंक खाता आरोपी स्नेहाशीष हालदार, निवासी 136 जे.सी बोस रोड, छोटो बत्ताला काली मंदिर, न्यू बैरकपुर, कोलकाता के नाम पर था।

पुलिस ने जानकारी जुटाने के बाद 17 अगस्त 2025 को न्यू बैरकपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी की और आरोपी स्नेहाशीष हालदार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन, संदिग्ध बैंक खाते की चेकबुक, पासबुक और डेबिट कार्ड जब्त किए हैं।

अधिकारियों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से ऑनलाइन ठगी गिरोह से जुड़ा हुआ था और निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठने की कोशिश करता था। मामले की आगे की जांच जारी है।

# सोदपुर में युवक की संदिग्ध मौत, प्रेमिका गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के के सोदपुर इलाके में एक युवक की संदिग्ध मौत की घटना सामने आई है। मृत युवक की पहचान विवेक दास के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विवेक का लंबे समय से बबली पांडे नामक युवती के साथ प्रेम संबंध था। दोनों के बीच पिछले कुछ समय से अनबन चल रही थी। सूत्रों के मुताबिक, बीते शनिवार को व्हाट्सऐप संदेश को लेकर दोनों के बीच तीखा विवाद हुआ। इसी विवाद के कुछ घंटों बाद विवेक ने आत्मघाती कदम उठाया। अचानक हुई इस घटना से परिवार सहित पूरा मोहल्ला स्तब्ध रह गया। युवक की मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में बाबली पांडे के घर के सामने जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि बाबली ने विवेक को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और आत्महत्या के लिए उकसाया। यही वजह है कि गुस्साए लोगों ने आरोपित युवती की गिरफ्तारी की मांग की। स्थिति बिगड़ते देख खड़दह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया।

पुलिस ने बाबली पांडे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# बागदा में पत्नी की कथित हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

## पति पर शादी के बाद से ही प्रताड़ित करने के आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव के बागदा थाना इलाके में एक गृहिणी का शव उसके घर से बरामद किया गया है। पत्नी की कथित हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पति का नाम गनी खान है। जबकि, मृतका की पहचान हसीना मंडल (31) के रूप में की गई है। परिवार और पुलिस सूत्रों के अनुसार, हसीना मंडल ने 11 साल पहले गनी खान से प्रेम विवाह किया था। गनी खान शादी के बाद से ही बागदा के करंग इलाके में ससुराल में रह रहा था। मृतका के परिवार का दावा है कि शुरुआत में, इस शादी और दामाद के ससुराल में रहने को लेकर रिश्तेदारों को काफी आपत्ति थी। हालांकि, बाद में, इस पर फिर चर्चा नहीं हुई। कथित तौर पर, गनी खान शादी के बाद से ही अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर रहा था। मानसिक यातना के अलावा, आरोप है कि वह अपनी पत्नी को बुरी तरह पीटा भी था। आरोप है कि ससुरालवालों ने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन दामाद ने उनकी एक न सुनी। ऐसे में शनिवार को हसीना मंडल का शव घर पर मिला। गनी खान पर अपनी पत्नी की 'हत्या' का आरोप लगाया गया। मृतका के परिवार का दावा है कि हसीना को बेरहमी से प्रताड़ित कर मार डाला गया। बागदा थाना पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बागदा थाने में गनी खान के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को गिरफ्तार व्यक्ति को बनगांव उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। मृतका के परिवार ने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# कूचबिहार में तृणमूल नेता के बेटे की हत्या में आरोपी सुपारी किलर गिरफ्तार

❑ **पुलिस आरोपी से पूछताछ कर बाकी अपराधियों की तलाश में जुटी**

**कूचबिहार :** कूचबिहार में राखी के दिन दोपहर में तृणमूल पंचायत प्रधान के बेटे अमर रॉय की सरेआम बाजार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना की जांच के बाद एक सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है। उसे शनिवार की रात असम-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। कूचबिहार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल मीणा ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर बाकी बदमाशों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि गत 9 अगस्त की दोपहर में कूचबिहार के ब्लॉक नंबर 2 के डोडोया हाट में चार बदमाश बाइक पर सवार होकर आए। और तृणमूल पंचायत प्रधान के बेटे अमर रॉय को लगातार चार गोलियां मारी गईं। उनके सिर और पीठ में गोली लगी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरी घटना से इलाके में दहशत फैल गई। कूचबिहार जिला पुलिस ने तुरंत घटना की जांच शुरू कर दी। घटना वाले दिन बाजार क्षेत्र से एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। जांचकर्ताओं का मानना था कि अपराधी उस कार में गए थे। विभिन्न स्थानों पर तलाशी शुरू की गई। उसके बाद, सुपारी किलर को शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के दिन तीन और थे। उनकी तलाश जारी है। पुलिस ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार व्यक्ति आरोपियों में से एक है। प्रारंभिक अनुमान है कि उसने गोलियां चलाईं। गिरफ्तार व्यक्ति पर पहले भी असामाजिक गतिविधियों के कई आरोप हैं। बताया गया है कि किसी ने या किसी ने उसे हत्या के लिए सुपारी दी थी, यही वजह है कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है। हत्या के पीछे कौन या क्या है, इसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को कूचबिहार अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति से हिरासत में पूछताछ की जाएगी।



# गैस सिलेंडर फटने से मकान का एक मंजिल ध्वस्त, परिवार बाल-बाल बचा

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला इलाके में रविवार को खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में घर का एक मंजिल का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से घर के सभी सदस्य सुरक्षित रहे। विस्फोट के तुरंत बाद पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंच गए और तत्परता के साथ बचाव कार्य शुरू किया। महेशतला थाना की पुलिस और दमकल की एक गाड़ी भी तुरंत मौके पर पहुंची और आग को नियंत्रित किया। महेशतला नगर निगम के वार्ड 17 के तृणमूल पार्षद शुभाशीष दास भी मौके पर आए और स्वयं बचाव कार्य में हाथ बटाया। घटना के समय घर के निवासी सुदीप मंडल ने बताया, दोपहर में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई और गैस सिलेंडर फट गया।

जानकारी के अनुसार, घर में उस समय दो और गैस सिलेंडर रखे थे, जिन्हें घटना के तुरंत बाद बाहर निकाल दिया गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान के कई कमरे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया।



### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने बारासात में खोला अपना नया शोरूम

**कोलकाता :** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने बारासात में एक नए शोरूम की शुरुआत की है। करीब 4600 वर्ग फुट में फैला यह नया शोरूम पश्चिम बंगाल में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का चौथा शोरूम है। यह स्टोर ग्राहकों को विभिन्न डिजाइनों और स्टाइल में उत्कृष्ट आभूषण संग्रह के साथ विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। इस खास मौके पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हम कोलकाता के निकट समृद्ध शहर बारासात में नए शोरूम की शुरुआत को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में हम ऐसे गहनों की पेशकश को लेकर प्रतिबद्ध हैं, जिसमें उत्कृष्ट शिल्पकला और टाइमलेस सुंदरता का शानदार मेल देखने को मिलता है।

### पश्चिम बंगाल के प्रांजल नाधानी ने कॉशियो की एआई डैशकैम को 3 मिलियन डॉलर की सीड फंडिंग के साथ 46 शहरों तक पहुँचाया

**कोलकाता :** एआई आधारित वीडियो टेलीमैटिक्स स्टार्टअप, कॉशियो ने अपनी सीड फंडिंग में अतिरिक्त 1.8 मिलियन जुटाए हैं। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व अमल पारिख ने किया, जिसमें 8आई वेंचर्स, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, विभा चेतन (पार्टनर - चेरेवी वेंचर्स) और वेंचर कैटलिस्ट्स ने भी भाग लिया। इसके साथ ही इस राउंड में रवीन सस्त्री (फाउंडिंग पार्टनर - मल्टिप्लाई वेंचर्स), विवेकानंद हल्लेकेरे (को-फाउंडर - बाउंस) और निश्चय एजी (को-फाउंडर - जेएआर) ने भी निवेश किया। अब तक कॉशियो की कुल सीड फंडिंग 3 मिलियन हो चुकी है। इस साल अप्रैल में कंपनी ने इसी फंडिंग राउंड के तहत 1.2 मिलियन जुटाने की घोषणा की थी। कॉशियो के को-फाउंडर और सीईओ अंकित आचार्य ने कहा कि, भारत की सड़कों को और डर की नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी और सुरक्षा की ज़रूरत है। कॉशियो में हम ऐसी तकनीक बना रहे हैं जो सुरक्षा को साफ तौर पर दिखाए और उस पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

## सीडा ने 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) ने भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के स्वागत भाषण से हुई। कैपकॉन इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मदन मोहन फोमरा ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने प्रेरक भाषण में, मदन मोहन फोमरा ने 'मेक इन इंडिया' और 'स्वदेशी उत्पादों का उपयोग' के महत्व और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव गगनदीप मूंधड़ा, उपाध्यक्ष सुनील सिंघी, कोषाध्यक्ष तारकनाथ जायसवाल और संयुक्त सचिव अशोक बंका की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम में विनीत भाटिया ने मंच का संचालन किया। पूर्व अध्यक्षों और सचिवों को सम्मानित किया गया।कार्यकारिणी समिति के सदस्य एस पी शॉ, एच के मिश्रा, अनिल सिंह, आनंद चांदगोठिया, चंद्रेश मेघानी, हरि प्रपन थराड, विकास राठी, नवल किशोर सिंह और शशांक पॉल भी उपस्थित थे। एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के छात्रों को स्कूल बैग और शैक्षिक किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन उपाध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




## कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया






**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत परिमल अजमेरा (ट्रस्टी व माननीय संयुक्त सचिव) द्वारा की गई। इसके बाद स्कूल प्रार्थना और स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम् गीत' पेश किया गया। तत्पश्चात् जय कामदर (ट्रस्टी व माननीय सचिव) ने ध्वजारोहण किया और इसके बाद 'ध्वज गीत' प्रस्तुत किया गया। समारोह में कई गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया, जिनमें चंद्रेश मेघानी (ट्रस्टी व संयुक्त सचिव), गीतांजलि ठक्कर (प्राथमिक और प्री-प्राइमरी विभाग की अध्यक्ष), परेश दफ्तरी (सेंट्रल और मैनेजिंग कमेटी के सदस्य), सुशीला मानेक (मैनेजिंग कमेटी की सदस्य), जिमी सैनी (प्रिंसिपल-सीएजी स्कूल), संचिता घोष (कॉलेज प्रिंसिपल) और चंद्रशेखर यादव (उप निदेशक सीसीएफ एवं सीईओ-प्रशिया स्किल्स) प्रमुख थे।

समारोह स्थल को तिरंगा झंडों, रंग-बिरंगे स्ट्रीमरों और स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाने वाले पोस्टर्स से सजाया गया। स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को समर्पित प्रस्तुतियां शामिल थीं। कार्यक्रम की खास बात थी स्कूल अखबार सीएजीएस स्टेट्स का पहली बार लोकार्पण, जिसे जय कामदर द्वारा किया गया और सभी समिति सदस्यों ने इसमें भाग लिया। सीमित संस्करण के इस विशेष अखबार को अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों में वितरित किया गया।



**देश का 79वां स्वतंत्र दिवस वार्ड 42 में विभिन्न स्थानों पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं झंडा तोलन किया गया। जिसमें जोड़ासांको केंद्र के लोकप्रिय विधायक विवेक गुप्ता, अशोक ओझा, श्याम मिश्रा, तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक निगानीया, मोहम्मद जमालुद्दीन, लल्लू मिश्रा, अनिल मिश्रा, प्रेम दुबे, विजय शर्मा, अमृत पांडेय, ओम प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, अजय भोतड़ा, दीपक सिंह, कुंदन सिंह, मोहित सिंह, दिनेश पांडेय, दिलीप सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, जयराम चौधरी सहित अनेक तृणमूल कांग्रेस कर्मी उपस्थित रहे।**

## सियालदह आरपीएफ ब्रास बैंड ने दी स्वतंत्रता दिवस पर शानदार प्रस्तुति



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह की आरपीफ ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को भव्य ब्रास बैंड प्रस्तुति का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से 7 बजे तक सियालदह रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास आयोजित हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में आम जनता और यात्री अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे और बैंड की देशभक्ति धुनों का आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाईं। दो घंटे तक चले इस आयोजन का समापन उत्साह और देशभक्ति के माहौल में सफलतापूर्वक किया गया।

## संत - महात्माओं का व्यक्तित्व एवम् कृतित्व प्रेरक है

**कोलकाता :** ब्रह्मलीन स्वामी अतुलानंद जी महाराज की निर्वाण तिथि पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालु भक्तों का स्वागत सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा, सत्यनारायण भट्टड़, प्रदीप आसोपा, मुकेश शर्मा एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। दंडीस्वामी ब्रह्माश्रम महाराज, युवाचार्य आकाश शर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी ने स्वामी अतुलानंद जी महाराज का स्मरण करते हुए कहा संत - महात्माओं का व्यक्तित्व एवम् कृतित्व प्रेरक है। सत्संग भवन में व्यास पीठ को सुशोभित करते हुए संत - महात्मा श्रद्धालु भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं।

वक्ताओं ने कहा जिस तरह सूर्य, चंद्रमा और तारे सम्पूर्ण विश्व में अपने प्रकाश से दिन और रात के समय की संरचना करते हैं। उसी तरह संत - महात्मा श्रद्धालु भक्तों के जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश करते हैं, धर्म एवम् संस्कृति के प्रति आस्थावान बनाते हैं। कान्यकुब्ज सभा के सचिव कुलदीप दीक्षित, बुलाकी दास मीमानी, भोला प्रसाद सोनकर, राजू शर्मा, अभय पाण्डेय, अशोक शुक्ला, सुनील दीक्षित, शशिकांत मिश्रा, अशोक तिवारी, बिमल बाजपेई, अजय तिवारी, राजन तिवारी, राजीव मिश्र, संगम पाण्डेय एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे।



### हावड़ा डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के चुनाव सम्पन्न हुआ



**हावड़ा :** हावड़ा डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब का सालाना साधारण सभा के साथ कमिटी चुनाव शरत सदन के एक्सीबिसन हॉल में सम्पन्न हुआ। नये कमिटी में पुनः प्रेसिडेंट संजय सिंह, सेक्रेटरी सुभाशीष देव सरकार, वाईस प्रेसिडेंट मेघदूत राय, अस्सिस्टेंट सेक्रेटरी संजय राजभर और एक्सक्यूटिव कमिटी में देबाशीष चक्रवर्ती, निखत हसन, प्रीतम कोले, इंद्रनाथ पारुई निर्वाचित हुए।



**कैखाली श्याम बाबा कॉम्प्लेक्स रेजिडेंट्स कल्चरल सोसाइटी द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल का खूंटी पूजन किया गया, जिसमें स्थानीय पार्षद सम्राट बरुआ (राखाल) भी उपस्थित थे। इसके अलावा, खूंटी पूजा में सुनील चौधरी, अनिल चौधरी, सज्जन शर्मा, भरत सिंह, मोहित जैन, प्रकाश सराफ ,देवकांत महावार, अनिर्बान बर्मन रॉय, अनिल बालोटिया, संदीप शर्मा और संजीव शर्मा सक्रिय थे।**

## तेरापंथ युवक परिषद् साउथ हावड़ा ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किया ध्वजारोहण समारोह

**हावड़ा, समाज्ञा :** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर तेरापंथ युवक परिषद् साउथ हावड़ा द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम क्षेत्र के महाप्रज्ञ स्तम्भ फोरशोर रोड़ पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के संगान के साथ हुआ, तत्पश्चात ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान का भी संगान हुआ। तेयुप साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चौरड़िया ने उपस्थित सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ श्रावक नेमचंद दुगड़, साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के ट्रस्टी अशोक कोठारी, साउथ हावड़ा श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के मंत्री बसंत पटवारी, महिला मंडल अध्यक्षा अंजू चोरड़िया, टीपीफ सदस्य पवन बैंगाणी, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष दीपक नखत ने झंडा फहराकर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अपने भाव रखे। इस विशिष्ट कार्यक्रम में सभा, महिला मंडल, युवकों, किशोरों एवं अणुव्रत समिति ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। सहमंत्री भानु प्रताप चोरड़िया ने स्वतंत्रता दिवस पर तेयुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम सेवा कार्य, मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव कार्यक्रम से अवगत कराते हुए सभी को उपस्थित होने के लिए आमंत्रण दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री अमित बेगवानी ने किया एवं आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष एवं प्रभारी मनीष बैद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजोयक अजीत दुगड़, रोहित बैद, अनंत चोरड़िया, ऋषभ डागा का विशेष श्रम रहा।



## डीपीएस रुबी पार्क में प्री-प्राइमरी छात्रों ने उत्साहपूर्वक मनाया जन्माष्टमी का पर्व




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुबी पार्क के प्री-प्राइमरी छात्रों ने 14 अगस्त को विशेष सभा के माध्यम से जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या ज्योति चौधुरी के स्वागत भाषण से हुआ, इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत 'अच्युतम केशवम राम नारायणम' प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 1 तक के बच्चों ने भगवान कृष्ण के जन्म, उनके 'माखन चोर' रूप और गोपियों के साथ उनके मिलन के दृश्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के बाद बच्चों ने प्रधानाचार्या और कोलकाता मेट्रोपॉलिटन ईस्ट रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। यह पहल स्कूल के इंटरैक्ट क्लब और रोटरी क्लब की संयुक्त योजना के तहत आयोजित की गई थी। बच्चों ने इस पौधारोपण अभियान में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शिक्षा महिला सशक्तिकरण का सबसे सरल माध्यम : के डी अग्रवाल



**कोलकाता :** श्रद्धेय घनश्यामदास बिरला द्वारा सन 1920 में संस्थापित मारवाड़ी बालिका विद्यालय में स्वाधीनता दिवस पर झंडोत्तोलन विधालय कार्यकारिणी के अध्यक्ष के डी अग्रवाल के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय, सचिव सुधा जैन, शिक्षायतन फाउंडेशन से सुब्रतो घोष, प्रधानाध्यापिका विभा सिंह, विधालय की सभी शिक्षिकाओं व छात्राओं की उपस्थिति में समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओ द्वारा देश भक्ति के गीत, नाटक मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। के डी अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में पूर्ण स्वतंत्रता का स्वरूप कैसा होना चाहिये ? व महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा पूर्ण स्वतंत्रता का स्वरूप वह होना चाहिए, जहां हम अपनी संस्कृति, अपनी परंपराओं और अपने मूल्यों को पूरी तरह से अपनाएं। जहां हम अपनी भाषा, अपने रीति-रिवाजों और अपने त्योहारों को महत्व दें और एक दूसरे के साथ मिलकर देश के विकास में योगदान करें।

के डी अग्रवाल ने शिक्षा को महिला सशक्तिकरण का सबसे सरल माध्यम बताया। उन्होंने विद्यालय के संस्थापकों का स्मरण करते हुए कहा जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं, तो आप सिर्फ़ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षिकाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सुधा जैन ने महिला सशक्तिकरण व विद्यालय के अच्छे परिणामों एवम् छात्राओं की शिक्षा के प्रति समर्पण की भावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका विभा सिंह ने किया।

## कॉलिन स्ट्रीट की टीम ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पश्चिम बंगाल खेल विभाग के सहयोग से, पूरे राज्य भर में खेला होबे फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कोलकाता शहर के सभी वार्डों में टूर्नामेंट आयोजित हुआ। इसी कार्यक्रम के तहत वार्ड 63 की पार्षद और बोरो सात की चेयरपर्सन सुष्मिता भट्टाचार्य चटर्जी और वार्ड 63 के तृणमूल अध्यक्ष बबलू पायन और पूर्व फुटबॉलर जमशेद नसीरी के नेतृत्व में रॉडन स्क्वायर पार्क मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां छह-छह खिलाड़ियों की चार टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें वार्ड 63 के कोलिन स्ट्रीट की टीम विजेता बनी, जबकि शेक्सपियर सरणी टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर पूर्व तृणमूल युवा अध्यक्ष शेखअली जान, 63 वार्ड तृणमूल युवा अध्यक्ष विशाल खटीक, अनवर भाई, और सभी तृणमूल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

## कर्मयोगी जुगल किशोर जैथलिया की स्मृति में हुआ रक्तदान

**कोलकाता :** बीडीडी बाग डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेवा समिति ने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मयोगी जुगल किशोर जैथलिया को याद किया। उनकी पुण्य पर 18 नेताजी सुभाष रोड इलाके में मेगा रक्तदान शिविर के साथ ही सुंदर कांड पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समिति के महामंत्री हरिकेश सिंह (गुड्डन), अध्यक्ष राजेश जैन व संरक्षक गोविंद जैथलिया के नेतृत्व में पूरे कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका वरिष्ठ समाजसेवी शंकर बक्स सिंह ने सफल संचालन किया। शिविर में करीब 80 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा, समाजसेवी पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, जेपी सिंह, भाजपा नेता तापस राय, तम्मना घोष, मीना पुरोहित, विजय ओझा, भोला सोनकर, उमेश राय, ओम प्रकाश सिंह, दिनेश पांडेय, कुशल पांडेय, रतन बैद, कमलेश सिंह, मदन सिंह, अधिवक्ता अशोक सिंह, अनिल सिंह, सारनाथ सिंह, एसएस राजपूत, कृष्णा सिंह, प्रभुनाथ सिंह, रमाशंकर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, हेमंत सिंह, सुनील सिंह, सुधीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, बिड़लापुर की टीम, प्रभात सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, सुभाष राय सहित अन्य गणमान्य जन बतौर अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय सिंह, संतोष सिंह, अभिनय सिंह समेत समिति के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।



# भांगड़ में फुटबॉल मैच के दौरान हुए विवाद में शिक्षक की पिटाई

## तृणमूल विधायक के करीबी नेता के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिला के भांगड़ में 'खेला होबे' के दिन फुटबॉल मैच को लेकर काफी तनाव फैल गया। एक शिक्षक की अंधाधुंध पिटाई का आरोप लगा है। आरोपी खैरुल इस्लाम विधायक शौकत मोल्ला का करीबी तृणमूल नेता बताया जा रहा है। वह भांगड़ 2 पंचायत समिति का वन



और भूमि अधीक्षक है। घायल शिक्षक ने उत्तर काशीपुर थाने में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद छात्रों ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया है कि शनिवार को कर्बला फुटबॉल ग्राउंड में भांगड़ 2 ब्लॉक और पंचायत समिति की पहल पर एक अंतरराज्यीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था। खेल की शुरुआत में खुद बीडीओ पार्थ बनर्जी, विधायक शौकत मोल्ला, स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। फाइनल में भगवान हाई स्कूल और हातीसला सरोजिनी हाई मदरसा का आमना-सामना हुआ। झगड़ा दो स्कूली टीमों के बीच खेल को लेकर शुरू हुआ। फिर, खेल के दौरान, तृणमूल नेता पर मैदान के बाहर शिक्षक की बुरी तरह पिटाई करने का आरोप लगा। पीड़ित शिक्षक नसीरुद्दीन ने उत्तर काशीपुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि तीन शिक्षकों की पिटाई की गई। छात्रों को धमकी दी गई। उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने सहयोग नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोप पत्र की रसीद देने से इनकार कर दिया।

# मृतकों के नाम अब भी मतदाता सूची में, परिवारों ने की हटाने की मांग

**हावड़ा, समाज्ञा**

उत्तर हावड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को लेकर गंभीर गड़बड़ी सामने आई है। कई वर्ष पहले मृत्यु हो चुके लोगों के नाम आज भी मतदाता सूची में दर्ज हैं। कुछ की मृत्यु 20 साल पहले हुई, कुछ की 15 साल पहले और कुछ की मृत्यु 5 साल पहले हो चुकी है, फिर भी उनके नाम चुनाव आयोग की सूची में मौजूद हैं।

जानकारी के अनुसार, हावड़ा नगर पालिका के वार्ड संख्या 13 के बूथ संख्या 218 में करीब 45 मृतक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। यह बूथ सलकिया किंग्स रोड और पीतांबर बनर्जी लेन इलाके में आता है। उदाहरण के तौर पर, किंग्स रोड निवासी संग्राम सिंह का निधन 20 साल पहले हो चुका है, वहीं ब्रजभूषण सिंह की मृत्यु 17 साल पहले हुई थी। इसी मोहल्ले में विद्या देवी चौधरी की मृत्यु 13 साल पहले और उनके पति श्रीधरनारायण चौधरी का निधन पिछले साल हुआ, लेकिन इनके नाम भी सूची से नहीं हटाए गए हैं। स्थानीय परिवारों का कहना है कि उन्होंने जिला चुनाव कार्यालय को इस बारे में कई बार सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका स्पष्ट कहना है कि मृत व्यक्तियों के नाम तुरंत हटाए जाएं।

इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। भाजपा के राज्य सचिव उमेश राय ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में न केवल मृतक बल्कि लंबे समय पहले इलाका छोड़ चुके लोगों के नाम भी दर्ज हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मतदाता सूची में भूत-प्रेत और चुड़ैलों का वास है। भाजपा ने तत्काल संशोधन की मांग की है।

वहीं, उत्तर हावड़ा के तृणमूल कांग्रेस विधायक एवं हावड़ा सदर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष गौतम चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग सूची सुधार पर काम कर रहा है। उन्होंने मृतक मतदाताओं की सूची आयोग को भेजी थी, लेकिन उस पर भी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि विधानसभा चुनाव से पहले पारदर्शी मतदाता सूची तैयार की जाए।

### कपड़े के कारखाने में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियां

**हुगली :** हुगली जिले के श्रीरामपुर थाना अंतर्गत पियारापुर के दिल्ली रोड किनारे स्थित एक कपड़े के कारखाने में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बीच, श्रीरामपुर थाना की पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, इस कारखाने में पश्चिम बंगाल सरकार की 'उत्कर्ष बांग्ला (पीबीएसडी)' योजना के तहत युवाओं को मुफ्त रेडीमेड वस्त्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाता था। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल, पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मौत के बाद जीटी रोड पर तनाव और विरोध प्रदर्शन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शालीमार इलाके में 16 अगस्त की रात एक दुखद घटना के बाद तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि हावड़ा शालीमार निवासी एक बच्चा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद पुलिस ने दुर्घटना के आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया था, जिसे जमानत भी मिल गई थी। इसी जमानत मिलने के फैसले पर लोगों में नाराजगी फैल गई और बच्चे की मौत के बाद इलाके में तनाव और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जीटी रोड पर सड़क जाम कर विरोध जताया और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ की टुकड़ी तैनात की गई। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले की जांच जारी है।

## 48 घंटे में बरामद हुए तैराक बुला चौधरी के 295 पदक, पुलिस ने चोर को दबोचा

**हुगली :** पद्मश्री सम्मानित अंतरराष्ट्रीय तैराक बुला चौधरी के घर हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझा ली। पुलिस ने रविवार को चोरी गए सभी 295 पदक और पद्मश्री स्मारक बरामद कर लिए। इस बड़ी घटना ने खेल जगत और राज्य में हड़कंप मचा दिया था। पिछले शुक्रवार को हुगली जिले के हिंदमोटर देबाइपुकुर स्थित बुला चौधरी के घर चोरी हुई थी। तैराक ने बताया कि उनके करियर के दौरान जीते सभी पदक आलमारी में रखे थे, जो चोरों द्वारा पूरी तरह चोरी कर लिए गए। चोरी की सूचना मिलते ही सीआईडी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। रविवार को श्रीरामपुर डीसीपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीसीपी (श्रीरामपुर) अर्णब विश्वास ने कहा, 15 अगस्त की सुबह चोरी की घटना सामने आई थी। हमने



विशेष टीम बनाई और साआईडी की मदद से तलाशी अभियान चलाया। हमारी कोशिश रंग लाई और कुल 295 पदक बरामद किए गए। आरोपी रिसड़ा का रहने वाला है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहले से हिरासत में लिए गए कुछ संदिग्धों से पूछताछ के दौरान अहम सुराग मिलने पर छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया और चोरी का सारा सामान बरामद किया गया। बुला चौधरी ने मेडल वापस पाकर राहत की सांस ली और पुलिस तथा सीआईडी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इन पदकों में उनकी जिंदगी की मेहनत और संघर्ष की सारी यादें जुड़ी हैं, इसलिए उनका खोना बेहद पीड़ादायक था। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच भी जारी है।

## दोस्तों के साथ शर्त लगाकर झील पार करने गए युवक की डूबकर मौत, एक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** शर्त लगाकर दोस्तों के साथ झील में तैरते समय एक युवक की जान चली गई। पुलिस ने उसके एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना रविवार की सुबह हावड़ा के बालटिकुरी स्थित ईएसआई अस्पताल से सटी झील में हुई। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने जाल डालकर युवक का शव बरामद किया गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बड़ी संख्या में पुलिस, गोताखोर, बचाव कर्मी और आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की पहचान मोहम्मद सूफियान के रूप में हुई है। मृतक के परिवार का दावा है कि रविवार की सुबह उसके दोस्त उसे घर से बुलाकर ले गए थे। सूफियान तैरना जानता था, फिर वह पानी में कैसे डूब गया, इस पर परिवार सवाल उठा रहा है। इस घटना में बांकड़ा चौकी की पुलिस ने मृतक के एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोस्त ने बताया कि वे दोनों साथ में तालाब में नहाने गए थे। उनका तैराकी का मुकाबला था। झील के दूसरी ओर जाने के बाद, वे वापस तैरने लगे। जब वे झील में बने मछलीघर के पास पहुंचे, तो सूफियान की सांस फूल गई। वहा डूबने लगा। सूफियान ने उसे पकड़ा लिया और काफी दूर तक खींच लिया। लेकिन जैसे-जैसे सूफियान उसे पकड़ता रहा, यह भी डूबने लगा। किसी तरह बह दूसरी ओर पहुंचा और सूफियान डूब गया। बांकड़ा जांय केंद्र की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।

## जन्माष्टमी पर श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में मथुरा-वृंदावन सा उत्साह

**हावड़ा :** कलियुग में बाबा श्याम के स्वरुप में पूजित भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव 'जन्माष्टमी' पर श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में मथुरा-वृंदावन सा उत्साह दिखाई दिया। सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ यहां शुरू हुआ भक्तों का आवागमन शाम होते होते सैलाब में बदल गया और यहां आयोजित श्याम गुणगान की रसधार में श्रद्धालू गोते लगाते नजर आये। मंदिर के प्रमुख भजन प्रवाहक व संचालक मनोज अग्रवाल (बालासिया) द्वारा शुरू हुई भजनों की अमृतवर्षा में अनेक लोकप्रिय भजन प्रवाहकों ने कृष्ण महिमा के गुणगान से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तों ने पूरे भाव के साथ बालकृष्ण का पंचामृत अभिषेक भी किया । ज्यों-ज्यों कृष्ण जन्म की



घड़ियां निकट आती गई त्यों-त्यों मंदिर में उमड़ी अपार भीड़ का उत्साह आनंद चरम पर चढ़ता गया और मध्य रात्रि में लल्ला (कृष्ण) के जन्म के उद्घोष के साथ ही घुसुड़ीधाम का कण-कण झूम उठा। आरती के साथ जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न हुआ । घुसुड़ीधाम मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने पुलिस प्रशासन सहित आयोजन की सफलता के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जबकि मंदिर के मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि इस वर्ष भी नन्दोत्सव का विराट आयोजन अगले रविवार (24 अगस्त) को होगा और इसके पहले दिन 23 अगस्त को भादव अमावस्या पर श्री राणीसती दादीजी के धोक-पूजा सहित श्री नारायणी मंगल पाठ समिति बांधाघाट द्वारा सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा।



**'जोड़ाबागानेर छेले जोड़ाबागाने' : सनातन संस्कृति सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने लिया भाग। साथ में भाजपा नेता भोला सोनकर व अन्य उपस्थित रहे।**

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**हावड़ा, समाज्ञा :** रामेश्वर मालिया लेन नव युवक सुधार संघ द्वारा आयोजित 73वां दुर्गोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को बिजय विद्यालय, हावड़ा में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य तथा नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री अरूप राय (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं उद्यान विभाग) ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में लगन देव सिंह (पूर्व विधायक उत्तर हावड़ा), डॉ. सुजॉय चक्रवर्ती (अध्यक्ष, प्रशासक मंडल, हावड़ा नगर निगम), अरविंद गुहा (पूर्व अध्यक्ष, हावड़ा नगर निगम), विक्रम चौधरी, राज कुमार जायसवाल, परमेश्वर सिंह एवं रंजीत सिंह उपस्थित थे। इस शिविर में कुल 57 रक्तदाताओं (महिलाएं एवं पुरुषों) ने रक्तदान



किया तथा लगभग 200 लोगों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर का संचालन मित्र संघ अस्पताल, हावड़ा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में संघ के पदाधिकारियों अनिल कुमार चौबे (अध्यक्ष), मनोज कुमार जायसवाल (महामंत्री), डी.एन. सिंह (कोषाध्यक्ष), अनिल सिंह (कार्यकारी अध्यक्ष), कमल वैद्य, संतोष पांडेय एवं मनोज सिंह का विशेष योगदान रहा। साथ ही, सक्रिय सदस्यों में जय प्रकाश गुप्ता, मनोज ठाकुर, शंकर दयाल सिंह, संजय पांडेय, अनीस सिंह, कैलाश उपाध्याय, गोविन्द चौबे एवं अजय वैद्य ने अथक प्रयास कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### प्रदेश कांग्रेस के सचिव बने ओमप्रकाश जायसवाल



**हावड़ा, समाज्ञा :** ओमप्रकाश जायसवाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बने है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव व सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने उन्हें इस पद के लिए नियुक्त किया है। पार्टी सचिव बनाये जाने पर ओमप्रकाश जायसवाल ने खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर और शुभंकर सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। वह पार्टी के उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

## अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

**हावड़ा :** अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल ने अपने परिसर में उन्यासी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरालिया, शासी परिषद के सदस्य सुभाष गुप्ता, बजरंगलाल अग्रवाल, अधिष्ठाता सरोज श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष, अधिष्ठाता, शासी सदस्य और माननीय प्रधानाचार्या अबीरा दास ने अपने कर-कमलों से ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दिवस पर वृक्षारोपण का विशेष कार्यक्रम कर के वहाँ उपस्थित सभी माननीय अतिथिगण ने प्रकृति के लिए सभी को जागरूक किया। विद्यालय ने इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए अपने विद्यालय में शिशु विभाग से लेकर




उच्च माध्यमिक विभाग तक के छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया था जिसमें विभिन्न प्रकार की रचनात्मक, अनुभवात्मक और व्यवहारिक गतिविधियाँ शामिल थीं। जिसका मुख्य उद्देश्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को नवीन सीखने के लिए प्रोत्साहित करना था।

विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् विद्यालय के अध्यक्ष और प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन के माध्यम से इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला और हमें अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक किया।अंत में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान के उपरांत निष्ठापूर्वक भाव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्रांगण में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी भव्य तरीके से 79 वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया ।यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमें अपने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी का आभारी रहना चाहिए। यह केवल एक तारीख नहीं बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल (देवरालिया), प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, उप-प्राचार्या काकोली नाग के कर कमलों द्वारा राष्ट्रगान की धुन पर ध्वजारोहण करके और परेड की सलामी लेकर हुआ। तत्पश्चात शहीदों की तस्वीरों के समक्ष दीप



प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी नैना चक्रवर्ती, विद्यालय कार्यकारिणी के सदस्यगण, विशिष्ट अतिथि नरेश अग्रवाल, अध्यापिकाएँ, प्रशासनिक कार्यकर्ता, कक्षा नवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं की छात्राएँ उपस्थित थीं। इस पावन अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिनकी प्रस्तुति ने सभा में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तत्पश्चात विद्यालय की उप-प्राचार्या काकोली नाग ने स्वतंत्रता दिवस के महत्त्व को समझाते हुए छात्राओं को संदेश दिया कि स्वतंत्रता का असली अर्थ केवल गुलामी से मुक्ति नहीं, बल्कि अपने विचारों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होना है। इस दिन हमें ना सिर्फ अपनी आज़ादी का जश्न मनाना चाहिए, बल्कि यह भी संकल्प लेना चाहिए कि हम देश के विकास, एकता और भाईचारे को बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की नव-निर्वाचित कप्तान तथा उप-कप्तानों को बैच लगाकर विद्यालय की आगामी गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का समापन उप प्रचार्या काकोली नाग के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा छात्राओं में मिष्ठान वितरण कर किया गया।

## नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर तक येलो लाइन मेट्रो सेवा शुरू होने के लिए तैयार




❑ **हवाई अड्डा संपर्क होगा और भी आसान**

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता मेट्रो रेल के येलो लाइन कॉरिडोर का नोआपाड़ा से जय हिंद विमानबंदर तक का 6.77 किमी लंबा मार्ग अब मेट्रो सेवाओं के संचालन के लिए तैयार है। इस रूट पर दमदम कैंटोनमेंट और जेसी रोड स्टेशन भी शामिल हैं। इस खंड के संचालन के बाद स्थानीय निवासियों के लिए कोलकाता हवाई अड्डा पहुंचना अब तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 1866 करोड़ रुपये है, जिसमें दमदम कैंटोनमेंट, जेसोर रोड और जय हिंद विमानबंदर तीन नए स्टेशन शामिल हैं। इन नए स्टेशनों में आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।


पहले चरण में इस 6.77 किमी लंबे मार्ग पर चार स्टेशन संचालित होंगे। जेसी रोड स्टेशन इस मार्ग का एकमात्र सतही स्टेशन है, जबकि नोआपाड़ा और दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन वायाडक्ट पर बनाए गए हैं और विमानबंदर स्टेशन भूमिगत है। बड़ानगर, टोबिन रोड, सिंथी, दमदम, नागरबाजार और कैखली मोड़ क्षेत्रों के निवासी इन स्टेशनों का उपयोग कर शहर के किसी भी हिस्से में आसानी से जा सकते हैं। नोआपाड़ा स्टेशन ब्लू लाइन के माध्यम से दक्षिण कोलकाता के



कवि सुभाष तक भी जुड़ा है। वहीं, दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन पूर्व रेलवे के सियालदह-बनगांव सेक्शन के पास स्थित है। नए स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त टिकट काउंटर, बैठने के लिए बेंच, लिफ्ट, महिला, पुरुष और दिव्यांगजन के लिए शौचालय, साथ ही सार्वजनिक संबोधन प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए मेट्रो यात्रा को और भी तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाएगी।

## रात के अंधेरे में सीयू के छात्रावास में घुसा युवक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता विश्वविद्यालय (सीयू) के महात्मा गांधी रोड स्थित एक छात्रा के छात्रावास में देर रात एक अज्ञात युवक घुस आया। आरोप है कि वह कमरे में घुसकर चीजों को टटोलने लगा। बाद में, जब छात्रा ने उसे देखा, तो वह उसे धक्का देकर भाग गया। बाद में, छात्रा को पता चला कि उसका मोबाइल फोन गायब है। राजाबाजार साइस कॉलेज की तृतीय वर्ष की छात्रा, पीड़िता सायंतनी चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि वह गर्मी के कारण बालकनी का दरवाजा खुला रखकर सो रही थी। रात के अंधेरे में ट्रॉली बैग गिरने की आवाज सुनकर उसकी नींद खुल गई। तभी, उसने देखा कि एक युवक कमरे से बेतरतीब ढंग से सामान निकाल रहा है। जब उसने उसे




रोकने की कोशिश की, तो उसने उसे धक्का दिया और बालकनी के पाइप से भाग गया। बाद में, सायंतनी ने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब है। उसने यह नहीं देखा कि पैसे या कुछ और गायब है या नहीं। सायंतनी का आरोप है कि जब उन्होंने हॉस्टल अधीक्षक को घटना की जानकारी दी, तो उन्होंने पहले कहा, आरोपी भाग गया है, कुछ नहीं करना है। मैं कल सचिव को सूचित करूंगा। लेकिन, बाद में, अधीक्षक ने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा था। इसके बजाय, गार्ड को बुलाया गया और उससे पूछा गया कि छात्रा ने खिड़कियां और दरवाजे खुले क्यों छोड़े थे। सायंतनी ने रविवार की सुबह कॉलेज के सचिव अमित रॉय को घटना की सूचना दी। सचिव ने उन्हें पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। छात्रावास अधीक्षक चंद्रेयी मुर्मू ने दावा किया कि हमने सभी छात्राओं से खिड़कियों और दरवाजे खुले रखने को कहा है। आरोपी पीछे से घुसे थे। वहां दो सीसीटीवी लगे हैं। लेकिन जब छात्रा ने रात में इसकी सूचना दी, तो मेरे पास पुलिस का फोन नंबर नहीं था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में रविवार को एक विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय किरन मौर्य का शव शाहपुर अफगा गांव स्थित उसकी ससुराल के घर से रविवार सुबह मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। रसड़ा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि किरन का लगभग आठ वर्ष पहले सनोज मौर्य से विवाह हुआ था और दोनों के बीच अनबन चल रही थी। सीओ के मुताबिक, पति सनोज ने पुलिस को बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी पत्नी फंदे से लटकी हुई थी। गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दादी को बचाने की कोशिश के दौरान सांप ने बच्चे को काटा, मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बांसडीह क्षेत्र में अपनी दादी को बचाने की कोशिश में सर्पदंश से 11 साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के दराव गांव में शुक्रवार रात अनुज (11) अपनी दादी के साथ घर में चौकी पर सोया हुआ था और रात करीब 11 बजे अनुज की नींद अचानक खुल गई तो उसने देखा कि एक सांप उसकी दादी के पेट पर बैठा हुआ है। उनके मुताबिक, अनुज ने दादी को बचाने के लिए सांप को हटाने की कोशिश की लेकिन इस दौरान सांप ने अनुज को डस लिया। उन्होंने बताया कि अनुज की चीख सुनकर परिजन जाग गए और आनन-फानन में उसे बांसडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, मगर गम्भीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

### राजस्थान में लापता नाबालिग लड़की का शव झाड़ियों से मिला, ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**जयपुर :** राजस्थान के बाड़मेर जिले में दो दिन पहले अपने घर से लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव रविवार को बाल-ोतरा-सांचौर मेगा राजमार्ग के किनारे झाड़ियों में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रखी। थानाधिकारी चांद सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान सोरकी देवासी के रूप में हुई है, जिसका शव रविवार सुबह असाड़ा के पास बुरी तरह से सड़ी-गली हालत में मिला। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि 15 अगस्त की शाम को बालोतरा से सिणधरी जा रही एक कार ने लड़की को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क से करीब 25 फुट नीचे झाड़ियों में जा गिरी। थानेदार ने बताया कि हालांकि, स्थानीय लोग कार दुर्घटना में घायल हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़े, जिससे इस घटना का पता नहीं चल पाया। बाद में घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### बलरामपुर में नहर में डूबने से दादा-पोते की मौत

**बलरामपुर (उप्र) :** बलरामपुर जिले के गैंडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से दादा और पोते की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उतरौला के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार शाम मझौवा गांव निवासी भरथरी सैनी (65) अपने पौत्र आहान सैनी (13) के साथ नहर किनारे घास काटने गए थे। उन्होंने बताया कि आहान खेलते समय पैर फिसलने से नहर में गिर कर डूबने लगा, पौत्र को डूबता देख भरथरी सैनी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े और दोनों की डूबकर मौत हो गई।

### नवविवाहिता ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट में लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले में 26 वर्षीय नवविवाहिता ने रविवार को अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये एक कथित 'सुसाइड नोट' में महिला ने अपने पति, सास और नन्द पर दहेज की खातिर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले में मयंक शर्मा की पत्नी गोल्डी अपने कमरे में मृत पाई गई।

# निर्वाचन आयुक्तों को बचाने के लिए 2023 में बदला गया कानून : राहुल



### राहुल, तेजस्वी, आप लोग मिलकर भाजपा को उखाड़ फेंकिए: लालू प्रसाद

**सासाराम:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने रविवार को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से उखाड़ फेंकें। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत के मौके पर आयोजित रैली में लोगों से अपील की कि वे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को जिताएं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'चोरों को हटाइए, भाजपा को भगाइए। 'इंडिया' गठबंधन को जिताइए।' उन्होंने कहा कि इस बार किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। यादव ने कहा, 'राहुल जी, तेजस्वी, खरगे जी, आप सब एकजुट हो जाइए और भाजपा को उखाड़ के फेंकिए, ताकि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो सके।' भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया, 'भाजपा और चुनाव आयोग ने कई राज्यों में चुनाव चुराने के बाद यही साजिश बिहार में भी की है।'

### भीषण गर्मी के बीच राहुल ने खरगे और लालू को दिए पानी के गिलास, वीडियो वायरल

सासाराम : बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के मौके पर आयोजित जनसभा के दौरान उस वक्त राहुल गांधी का दिल जीतने वाला पहलू देखने को मिला जब भीषण गर्मी के बीच उन्होंने दो दिग्गज नेताओं लालू प्रसाद यादव और मल्लिकार्जुन खरगे को पानी का गिलास दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो गया और कई कांग्रेस समर्थकों ने इसे साझा किया। इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के मौके पर आयोजित सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव मंच पर राहुल गांधी अगल बगल बैठे थे। इस दौरान राहुल गांधी ने पहले लालू और फिर खरगे को पानी का गिलास दिया। इस जनसभा के दौरान मंच पर निर्दलीय लोकसभा सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव भी राहुल गांधी के साथ पहली कतार में बैठे थे। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार न सिर्फ मंच पर जगह मिली थी, बल्कि उन्होंने सभा को संबोधित किया।

**औरंगाबाद :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को निर्वाचन आयोग के संवाददाता सम्मेलन के बाद आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में कानून में बदलाव करके मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई के दायरे से मुक्त किया गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह वोट चोरी के कारण नहीं चाहते कि निर्वाचन आयोग पर किसी तरह की कार्रवाई हो। उन्होंने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान औरंगाबाद के रमेश चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी की जा रही है। इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी त्रुटियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने यहां कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि आपने सीसीटीवी फुटेज देने का कानून बनाया, फिर इसे बदला क्यों? निर्वाचन आयुक्त पर कहीं मामला दर्ज नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून 2023 में बदला गया, क्योंकि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह नहीं चाहते हैं कि निर्वाचन आयोग पर कोई कारवाई हो। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं कार्यकाल) अधिनियम, 2023 का हवाला दिया, जो 1991 के कानून के स्थान पर लाया गया था। राहुल गांधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में जिंदा लोगों को मार दिया।

राहुल गांधी ने दावा किया कि बिहार में लाखों लोगों का वोट काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह या तेजस्वी यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डरते नहीं हैं।

### मोदी सरकार का एजेंट बन गया है चुनाव आयोग: खरगे

**सासाराम :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर रविवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग नरेन्द्र मोदी सरकार का एजेंट बनकर रह गया है। उन्होंने यहां इंडिया गठबंधन की वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत के मौके पर आयोजित जनसभा में यह दावा भी किया कि देश की आजादी की लड़ाई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कोई योगदान नहीं था लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इस संगठन की तारीफ करके स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के जरिए बिहार में गरीबों, मजदूरों, प्रवासियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के 65 लाख वोट काटे गए हैं और भाजपा-जद(यू) इन वोटों को काटकर सत्ता में आना चाहते हैं।

## लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र खत्म नहीं होने देंगे: तेजस्वी



**सासाराम:** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं चुनाव आयोग पर निशाना साधा और कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र खत्म नहीं करने दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत के मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'वोट की चोरी नहीं, बल्कि डकैती' की जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान में वोट का अधिकार देकर सभी लोगों को ताकत दिया, लेकिन भाजपा के लोग चुनाव आयोग को आगे करके वोट का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, आपके (जनता) वोट की चोरी नहीं, डकैती की जा रही है। तेजस्वी यादव ने कहा, बिहार की लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र की जननी से लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे। उनका कहना था कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री मोदी बिहार को चूना लगाना चाहते हैं।

## इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कोई कमी नहीं : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि गोरखपुर में अब उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं और संसाधनों की कोई कमी नहीं है और जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत कोष तथा जनप्रतिनिधियों की निधियों के माध्यम से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री 'रीजेंसी अस्पताल' के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो विशेष सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने के लिए प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है।' उन्होंने कहा कि यदि किसी मरीज के इलाज में आयुष्मान योजना की निर्धारित राशि अपर्याप्त होती है तो उसकी मदद मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधियों से की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और 'रीजेंसी माई केयर' नामक पेशेंट ऐप को भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निः शुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन लोगों को आयुष्मान या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाती है। साथ ही विधायकों को भी अपनी निधि से 25 लाख रुपये तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है।



## यह अमेरिकी दबाव के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी के किसान समर्थक रुख का समर्थन करने का समय है: जाखड़

**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को किसानों समेत सभी हितधारकों से राजनीति को एक तरफ रखकर 'राष्ट्रीय हित' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़े होने की अपील की। उन्होंने यह अपील देश के किसानों के पक्ष में अमेरिका के दबाव के बावजूद भारतीय बाजारों में अमेरिकी कृषि उत्पादों को अनुमति नहीं देने के मोदी के 'दृढ़ रुख' का समर्थन करते हुए की। जाखड़ ने यहां जारी एक बयान में कहा कि अमेरिका खुद को 'वैश्विक नियंता' समझता है और उसने भारत पर भारी शुल्क लगाया है। पंजाब भाजपा के नेता ने कहा कि मोदी जानते हैं कि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में आने की अनुमति देने से भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे, इसलिए उन्होंने इस दबाव के आगे झुकने से इनकार कर दिया है। जाखड़ ने रेखांकित किया कि ऐसे समय में जब प्रमुख वैश्विक शक्तियां अमेरिकी मांगों के आगे झुक गई हैं, मोदी ने भारतीय किसानों के हितों को प्राथमिकता दी और भारतीय बाजारों को अमेरिका के लिए खोलने से इनकार कर दिया। उन्होंने किसानों और किसान संगठनों से अपील करते हुए कहा कि यह समय राष्ट्रहित में प्रधानमंत्री के साथ मजबूती से खड़े होने का है, ताकि वे और भी अधिक दृढ़ संकल्प के साथ किसानों के अधिकारों के लिए लड़ सकें। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को स्पष्ट किया था भारत किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि वह उनकी रक्षा के लिए दीवार की तरह खड़े हैं।



## निर्वाचन आयोग के कंधों पर लोकतंत्र बचाने का 'ऐतिहासिक दायित्व': अखिलेश



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को बचाने का 'ऐतिहासिक' दायित्व निर्वाचन आयोग के कंधों पर है और जब आयोग 'सही रास्ते' पर चल पड़ेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आयोग का एक 'सही और साहसिक कदम' देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं।' यादव ने कहा, 'जब निर्वाचन आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। निर्वाचन आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।'

### खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरायी मोटरसाइकिल, दो लोगों की मौत

**जौनपुर (उप्र) :** जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी तथा एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेश कुमार ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे तीन युवक दीपक गौतम (24), शुभम कुमार (23) और जय सिंह (23) एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार से जा रहे थे और रास्ते में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के बेलवा राम सागर गांव के पास उनकी गाड़ी सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा टकरायी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में जय सिंह और शुभम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दीपक गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने 'गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन' को साकार करने की तैयारी शुरू की

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन' को साकार करने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है। इसमें कहा गया, ''हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की जिसमें उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।' बयान में कहा गया, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि गांव की गाय, गांव की तरक्की का आधार है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए पतंजलि योगपीठ ने तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया है। अब गोशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण उद्योग, पंचगव्य उत्पाद निर्माण और बायोगैस उत्पादन के आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।'' बयान के मुताबिक इसके लिए बाबा रामदेव जल्द ही उत्तर प्रदेश आएंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। गो सेवा आयोग के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों में दो से 10 गोशालाओं को चयनित कर उन्हें आदर्श गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'गोशालाओं में खुले शेड, बाड़ और सुरक्षा व्यवस्था विकसित कर गोवंश की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उत्पादन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और 50 प्रतिशत कमीशन मॉडल के माध्यम से गोमूत्र संग्रह व उत्पाद बिक्री में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी होगी।' पतंजलि योगपीठ प्रशिक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण, 'फार्मुलेशन', प्रमाणन और लाइसेंसिंग में सहयोग देगा।



## न्यूज अपडेट

### राजस्थान : कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान तेज किया, सोशल मीडिया पर डीपी बदलने का आह्वान

**जयपुर:** कांग्रेस की राजस्थान इकाई ने राहुल गांधी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग पर लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर अपना अभियान तेज कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सोशल मीडिया पर अपनी 'डिस्प्ले पिक्चर्स' (डीपी) बदलकर 'वोट चोरी रोको' और 'वोट चोरी से आजादी' जैसे नारे लगा रहे हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री हरीश चौधरी और पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने एकजुटता दिखाते हुए 'व्हाट्सऐप' और 'एक्स' पर अपनी-अपनी डीपी बदल दी है। गहलोत ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से ऐसा ही करने का आह्वान करते हुए कहा, 'हर चोरी हुआ वोट, हमारी आवाज और पहचान की लूट है।

### आदित्यनाथ सरकार की स्कूल विलय नीति पर सियासी संग्राम

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को निकटवर्ती स्कूलों में विलय करने की नीति ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। जून में घोषित इस नीति के तहत 50 से कम छात्रों वाले 10,000 से अधिक स्कूलों का विलय एक किलोमीटर की परिधि में स्थित बड़े स्कूलों से किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि इससे शिक्षकों की उपलब्धता और सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। हालांकि विपक्षी दलों ने इसे ग्रामीण और हाशिए के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश करार दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे पिछड़े वर्ग, दलित और अल्पसंख्यकों को शिक्षा से दूर करने का प्रयास बताया। सपा ने पीडीए पाठशाला अभियान शुरू किया तो भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे बच्चों के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। कई जिलों में सपा नेताओं पर अनधिकृत कक्षाएं चलाने के मामले में प्राथमिकी भी दर्ज हुई है। आम आदमी पार्टी ने स्कूल बचाओ अभियान छेड़ा, जबकि कांग्रेस और बसपा ने भी इस नीति का विरोध किया। विधानसभा के मानसून सत्र में यह मुद्दा छाया रहा। विपक्ष ने दावा किया कि 29,000 स्कूलों का विलय और 10,000 स्कूलों को बंद किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी स्कूल को स्थायी रूप से बंद नहीं किया जा रहा है। यह शिक्षा के आधुनिकीकरण का हिस्सा है। 2017 से पहले यूपी में स्कूल छोड़ने की दर देश में सबसे अधिक थी। अब हम छात्र-शिक्षक अनुपात और बेहतर सुविधाओं के लिए परिसरों का एकीकरण कर रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि खाली इमारतों को प्री-प्राइमरी स्कूलों में बदला जाएगा, शिक्षकों की नियुक्तियां जारी रहेंगी और जरूरत पड़ने पर फैसले में संशोधन किया जा सकता है।

### बलिया में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई । पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के चंदायल कला गांव के इंद्रजीत राजभर (25) और धनंजय वर्मा (29) शनिवार रात देवरिया जिले के भागलपुर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर खरीदारी कर घर लौट रहे थे तभी उन्हें तुर्तीपार गांव के निकट एक ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस के बताया कि घटना के बाद दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सीयर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने रविवार को बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही हैं।

### मुजफ्फरपुर में गड्ढे में डूबे 5 बच्चे

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को पानी से भरे गड्ढे में नहाते समय पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान मोहम्मद अन्नास (15), हिदायतुल्ला (14), मोहम्मद हमजा अली (12), मोहम्मद रहमान (12) और मोहम्मद अब्बू तालीम (12) के रूप में हुई है। मुजफ्फरपुर (पूर्व) के पुलिस उप-ाधीक्षक अलाय वत्स ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, यह घटना कटरा इलाके में उस समय हुई जब पांच बच्चे नहाने के लिए पानी से भरे गड्ढे में उतरे। वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

## यूपी के मंत्री ने बरेली के सरकारी स्कूल में खराब मरम्मत कार्य के लिए कनिष्ठ अभियंता को बर्खास्त किया

**बरेली (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बरेली जिले के गोप-ालपुर गांव में एक सरकारी बालक विद्यालय में मरम्मत कार्य में खराब गुणवत्ता को लेकर रविवार को एक कनिष्ठ अभियंता को बर्खास्त करने के आदेश दिये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) के निरीक्षण के दौरान, अरुण ने भवन की मरम्मत और कार्यों में खामियों पर नाराजगी व्यक्त की और कार्य की देखरेख कर रहे कनिष्ठ अभियंता माज खान को तत्काल हटाने का आदेश दिया। वह आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्त थे। अधिकारियों ने बताया कि अरुण ने मरम्मत कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा करने के आदेश भी दिये। अरुण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल भवन के उन्नयन और छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि यहां बच्चों को फर्नीचर से लेकर भोजन तक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलें। ऐसे संस्थानों में किसी भी तरह की ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।'

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रवासी मजदूरों के लिए मुसीबत बने सौर पैनल

**अलीगढ़/बुलंदशहर :** नवीकरणीय ऊर्जा को आत्मनिर्भरता का प्रतीक माना गया था, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के धूल भरे इलाकों में प्रवासी मजदूरों के लिए सौर पैनल अब परेशानी का सबब बन रहे हैं। अलीगढ़ के बाहरी इलाके में झोपड़ी पर लगे धूल से ढके पैनल की ओर इशारा करते हुए मजदूर कमल सिंह कहते हैं-यह रोशनी का सहारा था, पर अब पहले जैसा नहीं चलता। रखरखाव की कमी, धूल और प्रदूषण के कारण कई पैनल बेअसर हो रहे हैं। कई श्रमिकों ने वर्षों की कमाई से इन्हें खरीदा था। शुरुआत में पंखे चले, बल्ब जले और मोबाइल चार्ज हुए, लेकिन अब रोशनी टिमटिमा रही है और पंखे मुश्किल से घूमते हैं। प्रवासी महिला संगीता कहती हैं, तेल के दीये से मुक्ति पाने के लिए पैनल खरीदा, पर यह मददगार होने से ज्यादा सिरदर्द बन गया। विशेषज्ञ मानते हैं कि पैनलों को नियमित सफाई की जरूरत होती है। **सोलर स्क्वायर** के निदेशक नीरज जैन ने चेताया कि गलत तरीके से रगड़ने या झुकने से पैनल में दरारें पड़ सकती हैं और उनकी उम्र कम हो सकती है। उनका कहना है कि सफाई न होने पर 90 दिन में प्रदर्शन 35% तक गिर जाता है। स्थानीय दुकानदार भी मानते हैं कि लोग अब फिर से केरोसिन लैंप खरीद रहे हैं। हालांकि, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) के प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने कहा कि समस्या स्वीकार है और अब 30,000 'सूर्य मित्रों' को स्थापना व रखरखाव के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि महिला स्वयं सहायता समूहों की मदद से ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान शुरू किए गए हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर मजदूरों की उम्मीदें अभी भी अधूरी हैं।

## बिहार के पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

**पटना :** बिहार में पटना के गर्दनी बाग इलाके में रविवार को अज्ञात लोगों ने 19 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राज कृष्ण के रूप में हुई है। सचिवालय-1 की अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अनु कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'रविवार सुबह गर्दनी बाग पुलिस थाने के तहत सरिस्ताबाद मोड़ के निकट कुछ अज्ञात लोगों ने एक युवक को गोली मार दी।' उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि हत्या के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। कुमारी ने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपये की लागत वाले दो राजमार्गों का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में यातायात की भीड़ कम करने के उद्देश्य से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से बने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग-दो (यूईआर-दो) का उद्घाटन किया। ये दोनों मार्ग राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की भीड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार, यात्रा समय में कटौती और यातायात के दबाव को कम करना है। इन मार्गों के पूरी तरह से चालू होने पर




सोनीपत, रोहतक, बहादुरगढ़ और गुरुग्राम से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। मोदी ने उद्घाटन करने के बाद कहा, द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-दो से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को लाभ होगा... सरकार दिल्ली के लोगों की सभी परेशानियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, द्वारका एक्सप्रेसवे और शहरी विस्तार मार्ग का निर्माण असाधारण रूप से अच्छा हुआ है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के विकास के बाद, शहरी विस्तार मार्ग अब दिल्ली को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए तैयार है। मोदी ने बताया कि शहरी विस्तार मार्ग की खासियत यह है कि इसने शहर में कचरे की बढ़ती समस्या के समाधान में अद्वितीय योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसके निर्माण के लिए लाखों टन कचरे का वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल कचरे के विशाल ढेरों को कम किया है, बल्कि कचरे को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मूल्यवान संसाधन में भी बदल दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मोदी ने कहा कि यह प्रतिबद्धता पार्टी की नीतियों और निर्णयों में परिलक्षित होती है। हरियाणा की पिछली सरकारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब बिना किसी प्रभाव या सिफारिश के एक भी नियुक्ति मुश्किल थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत, लाखों युवाओं को पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां मिली हैं।

## लंबे समय तक आरएसएस के स्वयंसेवक और कई राज्यों के राज्यपाल रहे राधाकृष्णन बने राजग की पहली पंसद

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की पहली पसंद बने महाराष्ट्र के राज्यपाल चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन (67) किशोरावस्था में ही आरएसएस और जनसंघ से जुड़ गए थे। वह 1990 के दशक के अंत में कोयंबटूर से दो बार लोकसभा चुनाव जीते और उनके समर्थक उन्हें 'तमिलनाडु का मोदी' कहते हैं। राधाकृष्णन 1998 और 1999 में दो बार जीत के बाद तमिलनाडु के कोयंबटूर से लगातार तीन लोकसभा चुनाव हार गए। हालांकि, कहा जाता है कि तमिलनाडु में सभी दलों में उनका बहुत सम्मान है, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा ने उन्हें कई राज्यों का राज्यपाल बनाया। एक ओबीसी नेता होने के नाते, उनकी उम्मीदवारी विपक्ष के एक प्रमुख राजनीतिक विमर्श को "निष्क्रिय"



करने का भी प्रयास करती है। उन्होंने 31 जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। इससे पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में, उन्हें तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। विभिन्न राज्यों में राज्यपाल पद संभालने के बाद भी, वह अक्सर तमिलनाडु का दौरा करते रहे हैं। अपने हालिया तमिलनाडु दौरे के दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया और मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से भी मुलाकात की थी। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। तमिलनाडु के तिरुपुर में 20 अक्टूबर, 1957 को जन्मे राधाकृष्णन के पास व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक की डिग्री है। 16 साल की उम्र में आरएसएस के स्वयंसेवक के रूप में शुरुआत करने वाले राधाकृष्णन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। वर्ष 1996 में, राधाकृष्णन को भाजपा की तमिलनाडु इकाई का सचिव नियुक्त किया गया। वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में वह फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए चुने गए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली में अवैध रूप से रहने के आरोप में नाइजीरिया के तीन नागरिकों को निर्वासन केंद्र भेजा गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे नाइजीरिया के तीन नागरिकों को एक अभियान के दौरान पकड़कर निर्वासन केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अभियान विदेशियों के खिलाफ निर्धारित समय से ज्यादा भारत में रहने के खिलाफ चलाया जा रहा है। पुलिस ने एक अधिकारी ने बताया कि निर्वासन केंद्र में भेजे गए तीनों व्यक्तियों की पहचान नगोसिना माइकल न्वासा, चिनेडू विक्टर चुकुडी और फेमी जिमो अदेबाजो के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, "विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा जारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 11 अगस्त को नरेला के लामपुर स्थित निर्वासन शिविर में भेज दिया गया।"

### असम सरकार ने विश्वनाथ जिले में बेदखली अभियान चलाया, 309 परिवार विस्थापित

**तेजपुर :** असम सरकार ने रविवार को विश्वनाथ जिले में बेदखली अभियान शुरू किया, जिसके तहत 309 परिवार विस्थापित हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक जापारीगुड़ी के विलेज ग्राजिंग रिजर्व (वीजीआर) में लगभग 175 बीघा या 23 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए सुबह बेदखली अभियान शुरू किया गया। जिला आयुक्त सीमांत कुमार दास ने कहा, " बेदखली अभियान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। कुल 309 परिवारों ने 175 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा था। उन्हें एक अगस्त को 15 दिनों के भीतर जमीन खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। " उन्होंने कहा कि सभी परिवार पहले ही क्षेत्र छोड़ चुके हैं, तथा उनमें से कई ने अपने मकान भी तोड़ दिए हैं। जिला आयुक्त ने कहा, " हमने बाकी घर तोड़ दिए। वहां एक बड़ा चाय बागान भी था। उसे अब बाद में वृक्षारोपण अभियान के लिए तोड़ा जा रहा है।" जिला आयुक्त ने कहा कि 600 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था तथा बेदखली अभियान के दौरान 20 उत्खनन मशीनों तथा दर्जनों ट्रैक्टरों का इस्तेमाल किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले ज्यादातर लोग बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय से थे।

### छोटे अपराधों को 'अपराध-मुक्त' करने का विधेयक आज लोकसभा में पेश होगा

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को लोकसभा में जीवन और कारोबार सुगमता के लिए कुछ छोटे अपराधों को 'अपराध-मुक्त' करने को जन विश्वास (संशोधन) विधेयक-2025 पेश करेंगे। लोकसभा की वेबसाइट पर डाली गई कार्यसूची के अनुसार, मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक-2025 पेश करेंगे। इस विधेयक का उद्देश्य कुछ छोटे-मोटे अपराधों को 'अपराध-मुक्त' बनाकर भरोसा आधारित शासन को बढ़ाना तथा जीवन और कारोबार सुगमता की स्थिति को बेहतर करना है। इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है।

## गुजरात: कार-एसयूवी की टक्कर में आठ लोगों की मौत

**सुरेंद्रनगर :** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक कार के एक वाहन (एसयूवी) से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में गिरने और आग लगने से पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत आठ लोगों की



झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह भीषण दुर्घटना वढवान तालुका के डेडादरा गांव के निकट राजमार्ग पर अपराह्न लगभग 3:40 बजे हुई, जब कार कडू गांव से सुरेंद्रनगर शहर की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि एसयूवी में सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। इसने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी और आग के गोले में बदल गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग फंस गए। सुरेंद्रनगर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) गिरीश पांड्या ने कहा, "कार में सवार सभी आठ लोगों की झुलसकर मौत हो गई। एसयूवी में सवार तीन अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्प-ताल ले जाया गया।"

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद लापता लोगों की तलाश चौथे दिन भी जारी

**चिशोती (जम्मू-कश्मीर) :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में दूरदराज के गांव चिशोती में बादल फटने की घटना के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है तथा लापता लोगों की तलाश के लिए शुरू किया गया अभियान रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राहतकर्मियों को उम्मीद है कि आज वे एक बड़े प्रभावित इलाके को साफ कर देंगे। इस बीच, सेना के इंजीनियरों ने गांव और मचैल माता मंदिर के बीच संपर्क बहाल करने तथा बचाव कार्यों को और तेज करने के लिए एक 'बेली ब्रिज' के निर्माण पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मलबे से एक और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर



61 हो गई है। मचैल माता मंदिर जाने वाले रास्ते में अंतिम गांव चिशोती में 14 अगस्त को बादल फटने से 61 लोगों की मौत हो गई और 100 अन्य घायल हो गए जबकि 50 लोगों के लापता होने की आशंका है। विभिन्न स्थानों, खासकर सबसे ज्यादा प्रभावित लंगर स्थल के आसपास, विशालकाय पत्थर भी बिखरे पड़े थे और तलाश अभियान में बाधा बन रहे कुछ पत्थरों को शनिवार शाम बचावकर्मियों ने नियंत्रित विस्फोट के जरिए हटा दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), नागरिक प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों की संयुक्त टीमें बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं।

## नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ चलेगा देशव्यापी अभियान: शिवराज

**भोपाल :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को रायसेन जिले में सोयाबीन के खेतों का निरीक्षण करने के बाद नकली कीटनाशक और खाद-बीज



बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किए जाने की घोषणा की। खरपतवारनाशक दवा डालने से किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाने की शिकायत मिलने के बाद चौहान ने ज़िले के छीरखेड़ा गांव में सोयाबीन के खेतों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों की जली फसल देख नाराजगी जताई और किसानों को दोषी कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। चौहान ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, यह समस्या सिर्फ एक खेत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई किसानों ने ऐसी शिकायतें की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए वैज्ञानिकों का एक उच्चस्तरीय दल प्रभावित खेतों का निरीक्षण करेगा और जांच कर दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के बाहर गोलीबारी

**गुरुग्राम :** यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम सेक्टर 57 में स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह दो नकाबपोश हमलावरों ने दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी, जिसमें दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाश घर के बाहर आते और दूर से गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं। कुछ सेकंड बाद, उनमें से एक मुख्य द्वार पर झुका और गोलियां चलाता रहा, फिर दोनों भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई और उस वक्त यादव घर पर नहीं थे हालांकि उनके परिवार के कुछ सदस्य घर में थे लेकिन हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच, 'भाऊ गिरोह' ने गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस टीम इलाके की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने यादव के सेक्टर 57 स्थित घर पर दो दर्जन से ज़्यादा गोलियां चलाईं और फरार हो गए।



गोलियां घर के भूतल और पहली मंजिल में लगीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में 'भाऊ गैंग' के सदस्य गैंगस्टर नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटोलिया ने हमले की जिम्मेदारी ली। रिटोलिया ने पोस्ट में लिखा, "..आज एल्विश यादव के घर पर जो गोलियां चलाई गईं, वे हमारी ओर से चलाई गईं थीं। उसने सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देकर कई घर बर्बाद कर दिए हैं। सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले अन्य सोशल मीडिया हस्तियों को गोलियों या कॉल का सामना करना पड़ सकता है।"

## उत्तराखंड हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रयास कर रही है:मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि जनता को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास कर रही है। यहां आयोजित 'उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य सशक्तीकरण अभियान' में 220 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, हम प्रत्येक जिले में एक-एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 11 लाख से अधिक मरीजों को अब तक 21 करोड़ रुपये



से अधिक मूल्य की 'कैशलेस' इलाज की सुविधा प्रदान की जा चुकी है, जबकि श्रीनगर में कार्डियो और न्यूरोलॉजी तथा हल्द्वानी में कैंसर से संबंधित विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से हेलीकॉप्टर के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

## शिमला नगर निगम ने बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों के टीकाकरण अभियान की शुरुआत की

**शिमला :** शिमला नगर निगम (एसएमसी) ने कुत्तों की नसबंदी और उन्हें रेबीज रोधी टीके लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। यह अभियान 20 से 25 दिनों तक चलेगा, जिसमें गोवा, महाराष्ट्र और दिल्ली के पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम शामिल होगी, जिसका नेतृत्व डॉ. डी. आर. अनिल कर रहे हैं। एसएमसी के महापौर सुरिंदर चौहान ने रविवार को बताया कि कुत्तों को लाने और आश्रय देने के लिए चार वैन और आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह अभियान कुत्तों के काटने की घटनाओं में वृद्धि की पृष्ठभूमि में चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आवारा कुत्तों का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाएगा, उनके व्यवहार का विवरण तैयार किया जाएगा तथा आक्रामक कुत्तों को टुटीकंडी में एक आश्रय स्थल में रखा जाएगा। महापौर ने कहा कि प्रत्येक आवारा कुत्ते को एक यूआर कोड प्रदान किया जाएगा तथा नजर रखने के लिए उसे जीपीएस कॉलर पहनाया जाएगा।

## चीन का मुकाबला करने के लिए पोत निर्माण में दक्षिण कोरिया और जापान से सहयोग चाहता है अमेरिका

**वाशिंगटन :** अमेरिकी सांसद दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा के दौरान यह आकलन कर रहे हैं कि क्या अमेरिका इन मित्र देशों की पोत निर्माण विशेषज्ञता और क्षमता का इस्तेमाल अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका की पोत निर्माण क्षमता प्रतिद्वंद्वी चीन के मुकाबले बहुत सीमित है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के उच्च सदन सीनेट की सदस्य टैमी डकवर्थ और एंडी किम के जापान और दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दौरान दोनों देशों के शीर्ष पोत निर्माताओं से मुलाकात करने का कार्यक्रम है। जापान और दक्षिण कोरिया दुनिया के क्रमश: दूसरे और तीसरे सबसे बड़े पोत निर्माता देश हैं। सीनेट सदस्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के लिए गैर-लड़ाकू पोतों के निर्माण और मरम्मत के वास्ते संयुक्त उद्यम स्थापित करने तथा अमेरिका के लिए पोत निर्माण क्षेत्र में निवेश लाने की संभावनाओं को टटोलना चाहते हैं। डकवर्थ ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, "हमारे पास अब 2003 में 'ऑपरेशन इराकी फ्रीडम' के दौरान के मुकाबले कम क्षमता है। हमें अपनी क्षमता का पुनर्निर्माण करना होगा। साथ ही, हमारे जो पोत हैं, वे पुरानी हो रहे हैं, खराब हो रहे हैं और उन्हें ठीक करने में ज्यादा समय लग रहा है तथा लागत भी बढ़ रही है।"

## हिमाचल में भारी बारिश के बाद मंडी में अचानक बाढ़, कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ गई जिससे मलबा पनारसा, टकोली और नागवैन इलाकों में कई घरों में घुस गया। अचानक आयी बाढ़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिले में कई जगहों पर बचाव अभियान जारी है। प्रभावित इलाकों में टीम तैनात कर दी गई हैं और लोगों को नदियों और नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है। चार लेन वाला कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग जलभराव के कारण अवरुद्ध है। शनिवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कई नाले उफान पर हैं। जोगनी माता मंदिर के निकट भारी भूस्खलन हुआ, जिसके कारण वाहनों का आवागमन बाधित हो गया, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हुई। शालनाल नदी के उफान पर होने के कारण अचानक आयी बाढ़ के कारण एक निजी कार्यालय की चारदीवारी ढह गई।

## मथुरा और वृंदावन के मंदिरों में नंदोत्सव अनुष्ठानों के साथ मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव


**मथुरा (उप्र) :** कृष्ण की नगरी मथुरा में कान्हा के जन्म के बाद मंदिर पारम्परिक नंदोत्सव के दौरान नंद भवन में तब्दील हो गये। हर तरफ श्रद्धा और भक्ति की छटा एवं रौनक से माहौल कृष्णमय हो गया। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को कहा कि बृजभूमि में आनंद (भाव) की अभिव्यक्ति भक्ति का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा, "बाल कृष्ण की शरारतों के प्रतीक के रूप में दही और हल्दी का मिश्रण इस्तेमाल किया जाता है। दधिकांध नामक एक अनुष्ठान में इस मिश्रण को भक्तों पर खेल-खेल में फेंका जाता है।"



गोस्वामी ने बताया कि उत्सव के दौरान भक्तों के लिए गर्भगृह से खिलौने, कपड़े, आभूषण और धन फेंके गए, यह परंपरा कृष्ण के जन्म पर नंद बाबा की प्रसन्नता की याद दिलाती है। इससे पहले, श्री बांके बिहारी मंदिर में महाभिषेक के बाद केवल जन्माष्टमी पर होने वाली मंगला आरती की गई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भागवत भवन को नंद भवन के रूप में सजाया गया और बधाई गायन (स्वागत गीत) के साथ 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा।

## अलास्का सम्मेलन: ट्रंप-पुतिन बैठक में कोई समझौता नहीं हुआ, लेकिन युद्धविराम के लिए अब भी प्रयास

**लंदन :** अलास्का में रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि आज इस पर सहमति नहीं बनी तो वह "खुश नहीं होंगे"। ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अलास्का से बिना किसी समझौते के ही वापस लौट आए हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, "हम वहां तक नहीं पहुंचे" और बाद में अस्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने और पुतिन ने "बहुत प्रगति की है"। ट्रंप द्वारा आगामी सप्ताहों और महीनों में पुतिन के साथ बातचीत करने के सुझाव पर पुनः विचार किए जाने की संभावना



है तथा रूसी नेता ने कहा है कि उनकी अगली बैठक मॉस्को में हो सकती है। शिखर सम्मेलन के बाद 'फॉक्स न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी, तो ट्रंप ने कहा: "ये वे बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं"। यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है। पुतिन शायद यह दांव लगा रहे हैं कि यूक्रेन पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखते हुए इन रियायतों पर जोर देना उनके लिए फायदेमंद होगा। यूक्रेन में युद्ध को लेकर जनता में बेचैनी बढ़ रही है और पुतिन उम्मीद कर रहे होंगे कि थकी हुई जनता अंततः इस समझौते को स्वीकार्य और आकर्षक भी मानेगी। रूस ने रातोंरात यूक्रेनी शहरों पर नए हमले शुरू कर दिए, जिनमें 300 से अधिक ड्रोन और 30 मिसाइल शामिल थीं।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**पालु :** इंडोनेशिया में रविवार सुबह समुद्र के नीचे आए 5.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके देश के पूर्वी भागों में महसूस किए गए। इसमें 29 लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप मध्य सुलावेसी प्रांत में पोसो जिले से 15 किलोमीटर उत्तर में आया तथा इसके बाद कम से कम 15 झटके महसूस किए गए। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों द्वारा सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने रविवार को कहा कि अधिकतर घायलों को क्षेत्रीय सरकारी अस्प-ताल ले जाया गया है, जिनमें से ज्यादातर लोग रविवार सुबह चर्च में प्रार्थना सभा में शामिल होने आए थे।

## ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की बैठक में यूरोपीय नेता शामिल होंगे

**कीव :** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय और नाटो नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक के संबंध में यह कदम फरवरी में ट्रंप से मुलाकात के दौरान जेलेंस्की के साथ हुई तीखी झड़प की पुनरावृत्ति को रोकने का एक स्पष्ट प्रयास है। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा की प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि "राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर, मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगी।"

## चीनी विदेश मंत्री वांग यी दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे

**नयी दिल्ली :** चीनी विदेश मंत्री वांग यी सोमवार से शुरू हो रही अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंगलवार को होने वाली यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी की चीन की प्रस्तावित यात्रा से कुछ दिन पहले होगी। प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले वांग विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ अलग-अलग वार्ता करेंगे, जिसमें दोनों पक्ष सीमा की स्थिति, व्यापार और उड़ान सेवाओं की बहाली सहित कई प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। चीनी विदेश मंत्री की यात्रा को दोनों पड़ोसियों द्वारा अपने संबंधों को फिर से सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

## एलिसा हीली का शतक, ऑस्ट्रेलिया ए ने अंतिम महिला वनडे में भारत ए को हराया



**ब्रिस्बेन :** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने केवल 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली ने 84 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 23 चौके लगाए। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को ताहलिया विल्सन के रूप में अच्छी जोड़ीदार मिली, जिन्होंने 59 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। विल्सन को राधा यादव ने आउट किया। भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही और उसने हीली को दो जीवनदान दिए। इससे पहले शेफाली ने अपनी पूरी लय में रहते हुए सात चौकों की मदद से अर्धशतक जड़ा, जबकि नंदिनी कश्यप (28) ने उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर भारत को सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद हालांकि भारतीय पारी लड़खड़ा गई और उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। यास्तिका ने राघवी बिष्ट (18) और तनुश्री सरकार (17) के सहयोग से भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान ने अलापा पुराना राग, चयनकर्ता आकिब बोले- हम भारत को रौंद देंगे



**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के चयनकर्ता आकिब जावेद ने एशिया कप में भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले दावा किया है कि उनकी टीम आगामी मैच में भारतीय टीम को रौंद देगी। बता दें कि, एशिया कप का आगाज नौ सितंबर से होगा। 14 सितंबर को दोनों टीमों के बीच महामुकाबला खेला जाएगा, जिसके लिए पाकिस्तान की टीम का एलान हो गया। वहीं, भारतीय टीम की घो-षणा 19 अगस्त को हो सकती है।

### 'भारत को हरा सकती है पाकिस्तान की टीम'

भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान टीम के चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा, 'पाकिस्तान की टी20 टीम भारत को हरा सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हमेशा बहुत अहम होते हैं। यह 17 सदस्यीय टीम किसी भी टीम को हरा सकती है। हमें उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए, लेकिन मुझे इस टीम से बहुत उम्मीदें हैं।

### बाबर और रिजवान एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम से बाहर

**लाहौर :** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महीने के आखिर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप के लिए रविवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं दी गयी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी वेबसाइट पर टीम की घोषणा की जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के गेंदबाज सलमान मिर्जा शामिल हैं। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में टी-20 प्रारूप में होगी। इससे पहले सलमान अली आगा की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम 29 अगस्त से सात सितंबर तक शारजाह में अफगानिस्तान और मेजबान यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को आठ टीमों के एशिया कप टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें यूएई और ओमान भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान की टीम: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम।

### भारत का पाकिस्तान पर दबदबा

भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ दबदबे वाला रिकॉर्ड रहा है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 13 मैचों में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है। टी20 विश्व कप 2024 के दौरान दोनों टीमों के बीच हुए आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रहा था और छह रनों से हार गया था। वहीं, भारत एशिया कप का गत विजेता है जिसने 2023 में कम स्कोर वाले फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को हराकर पिछला संस्करण जीता था।

## अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ पोर्टलैंड क्लासिक में पांचवें स्थान पर पहुंची



**पोर्टलैंड (ओरेगन) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मौजूदा सत्र के सर्वश्रेष्ठ 65 के कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में शीर्ष पांच में पहुंच गयी। अदिति ने इस दौरान तीसरे दौर में सात बर्डी लगायी। मौजूदा सत्र में 12 टूर्नामेंटों में अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) में रहा है। शुरुआती दो दौर में 69 और 70 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने तीसरे दिन की शुरुआत लगातार दो बर्डी से की। उन्होंने इसके बाद छठे, सातवें और आठवें होल में लगातार तीन बर्डी लगाये। उनके अगले दो बर्डी 13वें और 14वें होल में आये। उनका कुल स्कोर 12 अंडर का है। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70) 13 अंडर के स्कोर के साथ चौथे जबकि भारतीय मूल की कनाडा की सवान्नाह ग्रेवाल (69-67-72) आठ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 25वें स्थान पर है। जापान की अकेई इवाई आठ अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद दो शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### जमशेदपुर एफसी के खिलाफ उलटफेर कर डायमंड हार्बर डूरंड कप के सेमीफाइनल में

**जमशेदपुर :** डायमंड हार्बर ने डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पदार्पण वर्ष को यादगार बनाते हुए क्वार्टर फाइनल मेंजमशेदपुर एफसी के खिलाफ बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। रक्षापंक्ति के खिलाड़ीसैरुआटकिमाके दो गोल की मदद से डायमंड हार्बर ने यहां जेआरडी टाटा खेल परिसर में इंडियन सुपर लीग की टीम को 2-0 से हराया। सैरुआटकिमा ने मैच के तीसरे और 41वें मिनट में गोल कर स्टेडियम में मौजूद घरेलू टीम के दर्शकों को सन्न कर दिया। अंतरिम कोच स्टीवन डायस के नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी ने ब्रेक के बाद गेंद पर दबदबा बनाए रखा, लेकिन डायमंड हार्बर के गोलकीपर मिरशाद कूट्टप्पुन्ना और रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने उन्हें गोल करने नहीं दिया।

## स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह बेगा ओपन के फाइनल में रिटायर्ड हर्ट

**बेगा (ऑस्ट्रेलिया) :** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह रविवार को यहां एनएसडब्ल्यू स्क्वाश बेगा ओपन के फाइनल में मिस्र की प्रतिद्वंद्वी हबीबा हानी के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट हो गईं। शीर्ष वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी उस समय रिटायर्ड हर्ट हुईं जब वह 1-2 से पिछड़ रही थीं और दूसरी वरीयता प्राप्त हबीबा हानी के खिलाफ चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ रही थीं। इससे स्कोर 9-11, 11-5, 11-8, 10-4 मिस्र की खिलाड़ी के हक में रहा। अपना पहला विश्व टूर्नामेंट फाइनल खेल रही अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम 11-5 और 11-8 से जीत लिए। अनाहत ने शनिवार को मिस्र की नूर खफागी की कड़ी चुनौती को पार करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

## ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात कर रहा था, आईपीएल अनुबंध की रकम के बारे में नहीं: अश्विन





**चेन्नई :** दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के डेवाल्ड ब्रेविस के साथ करार किये जाने के बारे में अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर उनकी मुख्य बात इस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर थी न कि उस कीमत पर जिस पर उन्हें आईपीएल 2025 के बीच में खरीदा गया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर संकेत दिया कि चेन्नई सुपर किंग्स ब्रेविस की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 'अतिरिक्त भुगतान' करने को तैयार थी जिसके बाद विवाद छिड़ गया। उनके इस बयान के बाद पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था। अश्विन ने अपने यू -ट्यूब चैनल पर कहा, 'पुराने वीडियो में मेरा इरादा ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात करना था, ना कि उनके आईपीएल अनुबंध से जुड़ी रकम के बारे में। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का फ्रेंचाइजी और इस लीग के साथ एक अनुबंध होता है। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी और आईपीएल के बीच भी बाध्यकारी अनुबंध होता है और अगर कुछ भी असामान्य होता है तो भी इसमें बदलाव नहीं होगा।' अश्विन ने अपनी बात को साबित करने के लिए ब्रेविस को 'विशेष प्रतिभा' वाला खिलाड़ी करार दिया। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को लेना बहुत आम है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप नियमों की लचीलता का कैसे इस्तेमाल करते हैं। यही मुख्य बात है। अगर आप चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसक हैं तो आपको ब्रेविस को लेकर बहुत उत्साहित होना चाहिए। वह एक खास प्रतिभा के धनी हैं।' अश्विन के इस मामले में शुरुआती बयान के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज के साथ करार करने की प्रक्रिया में लीग के नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया था। सीएसके ने अप्रैल 2025 में ब्रेविस को चोटिल गुरजपनीत सिंह के स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में 2.2 करोड़ रुपये की लीग फीस पर अनुबंधित किया था। गुरजपनीत सिंह को सऊदी अरब में आयोजित आईपीएल 2025 खिलाड़ी नीलामी में 2.2 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा गया था। अश्विन ने फिर अपने पहले के बयान पर स्पष्टीकरण जारी करने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'आज के समय में सही चीजों को भी स्पष्ट करने की आवश्यकता है।



## सैमसंग ने भारत में लैपटॉप का विनिर्माण शुरू किया




**नयी दिल्ली :** दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी पहले से ही ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी। अब इसमें लैपटॉप भी शामिल हो गया है। एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा स्थित कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। सैमसंग की योजना भारत में और भी कई उपकरण बनाने की है।'' सैमसंग को भेजे गए ईमेल का कोई उत्तर नहीं मिला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सैमसंग के बड़े अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा था कि सैमसंग भारत में अपनी प्रतिभा और नवोन्मेषण के जरिये आधुनिक प्रौद्योगिकी वाले उपकरणों का विनिर्माण बढ़ा रही है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेबी पार्क और सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन के साथ बैठक के बाद शनिवार को कहा, 'सैमसंग भारत में अपने उन्नत प्रौद्योगिकी उपकरणों के विनिर्माण का विस्तार जारी रखे हुए है।'

## भारतीय शराब निर्माता कंपनियों ने राज्यों की आबकारी नीतियों में भेदभाव को लेकर जताई आपत्ति

**नयी दिल्ली :** भारतीय शराब विनिर्माता कंपनियों ने आरोप लगाया है कि कई राज्यों की आबकारी नीतियां विदेशी शराब ब्रांडों के पक्ष में और घरेलू ब्रांडों के खिलाफ भेदभावपूर्ण हैं, जबकि भारतीय ब्रांडों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान और सम्मान मिल रहा है। पेय पदार्थ विनिर्माताओं के संगठन सीआईएबीसी ने कई राज्य सरकारों से संपर्क कर कहा है कि उनकी उत्पाद शुल्क नीतियों में विसंगतियों के कारण शराब बनाने वाली भारतीय कंपनियां अपने विदेशी समकक्षों की तुलना में नुकसान में हैं। भारतीय मादक पेय निर्माताओं की शीर्ष संस्था सीआईएबीसी ने कहा कि भारतीय ब्रांडों को आयातित बीआईओ (बोतलबंद मूल) की तुलना में अत्यधिक उच्च ब्रांड पंजीकरण शुल्क चुकाना पड़ता है, जिससे कई राज्यों में उत्पाद के प्रवेश में बाधा उत्पन्न होती है। उद्योग संगठन ने आगे कहा कि नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लागू होने से बीआईओ उत्पादों पर सीमा शुल्क और घट जाएगा। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकारों द्वारा भारतीय प्रीमियम ब्रांड्स पर लगाया जा रहे ऊंचे उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) घरेलू उद्योग को कम प्रतिस्पर्धी बना देंगे। सीआईएबीसी ने कहा, विडंबना यह है कि जब भारतीय प्रीमियम और लक्ज़री ब्रांड दुनिया भर में सराहे जा रहे हैं, तब उन्हें अपने ही देश में शुल्क से जुड़ी अड़चनों और शुल्कों में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। विदेशी उत्पादों के पक्ष में और भारतीय उत्पादों के खिलाफ किया जा रहा यह भेदभाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान के विपरीत है। बीआईओ उन व्हिस्की/ स्पिरिट्स को कहते हैं जिन्हें उनके मूल देश में बोतलबंद किया जाता है और उनकी ब्रांडिंग और पैकेजिंग के साथ भारत में आयात किया जाता है।

## एथनॉल मिश्रित पेट्रोल में पानी का खतरा, भूमिगत टैंक सील करने की सलाह



**नयी दिल्ली :** एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) के उपयोग से वाहनों में माइलेज व अन्य समस्याओं को लेकर उठ रही चर्चाओं के बीच विशेषज्ञों ने चेताया है कि पानी में घुलनशील होने की वजह से एथनॉल गाड़ियों के लिए दिक्कतें पैदा कर सकता है। इससे बचने के लिए पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों को पूरी तरह सील करना जरूरी बताया गया है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने ई-20 के कारण माइलेज घटने और पार्ट्स को नुकसान होने की शिकायतें साझा की हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने दावा किया है कि वाहनों का माइलेज करीब सात प्रतिशत तक घट गया है। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि गन्ना या मक्का से बने एथनॉल के उपयोग से प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा, एथनॉल एक अच्छा ईंधन विकल्प है लेकिन नमी और पानी के संपर्क में आने से समस्या हो सकती है। भूमिगत टैंकों में पानी न जाए, इसके लिए उन्हें पूरी तरह सील करना जरूरी है। वाहन निर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भी माना कि ई-20 से फ्यूल इकनॉमी यानी माइलेज में मामूली अंतर आ सकता है। हालांकि, वाहन उद्योग संगठन सियाम ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। बंसल का कहना है कि कुछ उपभोक्ता एथनॉल मिश्रित पेट्रोल नहीं लेना चाहते, ऐसे में बिना एथनॉल वाला पेट्रोल थोड़ा महंगा और ई-20 सस्ता रखने का विकल्प दिया जा सकता है।

### वित्त मंत्रालय सरकारी बैंकों के अधिकारियों के साथ पहली तिमाही के नतीजों की समीक्षा करेगा

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने पहली तिमाही के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों की एक बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू करेंगे। सूत्रों के अनुसार, 2025-26 की पहली तिमाही के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए 20 अगस्त को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ समीक्षा बैठक होगी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कुल 11 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 44,218 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ अर्जित किया। वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39,974 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। एसबीआई ने 44,218 करोड़ रुपये की कुल आय में 43 प्रतिशत का योगदान दिया। इस दौरान एसबीआई ने 19,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत अधिक है। प्रतिशत के लिहाज से चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने सबसे अधिक 76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,111 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

## वाहन पर जीएसटी दर में प्रस्तावित बदलाव से वर्गीकरण विवाद समाप्त होंगे



**नयी दिल्ली :** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर आगामी व्यापक सुधारों के तहत वाहनों पर कर का पुनर्गठन किया जाएगा, जिससे इंजन क्षमता और वाहन के आकार से संबंधित वर्गीकरण विवादों का समाधान किया हो सकेगा। अंतत: इसका लाभ आम आदमी को मिलेगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। अभी वाहनों पर जीएसटी की दरें ऊंचे स्लैब में हैं। वाहनों पर 28 प्रतिशत कर लगता है। वाहन के प्रकार के आधार पर, इस दर के ऊपर एक से 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लिया जाता है। इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर कारों पर कुल कर भार, छोटी पेट्रोल कारों के लिए 29 प्रतिशत से एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी वेहिकल) के लिए 50 प्रतिशत तक है। इलेक्ट्रिक वाहन पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगता है। सूत्रों ने बताया कि जीएसटी प्रणाली को पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय दर संरचना और कुछ चुनिंदा वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसमें वाहनों को ऐसे स्लैब में रखा जाएगा जिससे इंजन क्षमता और लंबाई के अनुसार कारों के वर्गीकरण से जुड़े विवादों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। जीएसटी की कम दर से मांग और बिक्री बढ़ेगी, क्योंकि कारें सस्ती हो जाएंगी। इससे खपत बढ़ेगी, जो केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधार का एक प्रमुख विचार है। केंद्र के प्रस्ताव, जिसमें 12 और 28 प्रतिशत की दर को हटाना शामिल है, पर 21 अगस्त को जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) की बैठक में चर्चा की जाएगी। इसके बाद, केंद्र और राज्य के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद अगले महीने में बैठक करेगी और अंतिम जीएसटी दर संरचना को मंजूरी देगी। वर्तमान में, जीएसटी में पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं। आवश्यक वस्तुओं पर या तो शून्य या पांच प्रतिशत की दर से कर लगता है और विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है। केंद्र ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह को जीएसटी में केवल दो स्लैब - पांच और 18 प्रतिशत - और कुछ चुनिंदा वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर रखने का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों ने बताया कि 40 प्रतिशत की दर पांच-सात वस्तुओं पर लागू होगी।

## न्यूज अपडेट

### एफपीआई ने अगस्त के पहले पखवाड़े में शेयरों से 20,975 करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार में लगभग 21,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव, कंपनियों के पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों तथा रुपये में गिरावट के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। एफपीआई का रुख आगे शुल्क मोर्चे पर गतिविधियों से तय होगा। एंजल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक (सीएफए) वकारजावेद खान ने कहा कि अमेरिका और रूस के बीच तनाव में हालिया कमी और नए प्रतिबंध नहीं लगने की वजह से प्रतीत होता है कि भारत पर प्रस्तावित 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (सेकेंडरी टैरिफ) 27 अगस्त के बाद लागू होने की संभावना नहीं है। यह बाजार के लिए स्पष्ट रूप से सकारात्मक संकेत है।

### फॉक्सकॉन की बेंगलुरु इकाई ने आईफोन-17 का उत्पादन शुरू

**नयी दिल्ली :** ताइवान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु स्थित अपने नए कारखाने में आईफोन-17 का विनिर्माण शुरू कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई है। इस कारखाने में फिलहाल आईफोन-17 को छोटे पैमाने पर बनाया जा रहा है। फॉक्सकॉन पहले से चेन्नई स्थित अपने कारखाने में भी आईफोन-17 बना रही है। कंपनी ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक बयान नहीं दिया है। फॉक्सकॉन आईफोन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। चीन के बाहर उसका दूसरा सबसे बड़ा कारखाना बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में बनाया जा रहा है, जिस पर लगभग 2.8 अरब डॉलर (25,000 करोड़ रुपये) का निवेश किया जा रहा है। एक जानकार सूत्र ने बताया, फॉक्सकॉन के बेंगलुरु स्थित कारखाने में आईफोन-17 बनना शुरू हो गया है। एप्पल और फॉक्सकॉन को इस संबंध में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। आईफोन-17 का उत्पादन कुछ समय के लिए बाधित हो गया था क्योंकि सैकड़ों चीनी इंजीनियर अचानक वापस लौट गए थे। हालांकि, फॉक्सकॉन ने इस कमी को पूरा करने के लिए ताइवान समेत कई जगहों से विशेषज्ञों को बुला लिया है। कई सूत्रों के अनुसार, एप्पल की योजना है कि वह इस साल आईफोन उत्पादन को बढ़ाकर छह करोड़ इकाई करने की है, जो वर्ष 2024-25 में करीब 3.5 से चार करोड़ इकाई था। एप्पल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में भारत में करीब 22 अरब डॉलर मूल्य के 60 प्रतिशत अधिक आईफोन असेंबल किए थे।

### जीएसटी सुधार, पुतिन-ट्रंप वार्ता और साख उन्नयन से तय होगी बाजार की दिशा: विश्लेषक

**नयी दिल्ली :** दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में बड़े सुधार, अमेरिका-रूस शिखर वार्ता और अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख सुधार-ये सभी कारक इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों का रुख और वैश्विक बाजारों की धारणा भी बाजार के मूड को तय करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर दिवाली तक जीएसटी दरों में सुधार की घोषणा की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी और निवेशकों की धारणा बेहतर होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह बाजार में सकारात्मक शुरुआत की उम्मीद है। दिवाली से पहले जीएसटी कटौती का संकेत निवेशकों का उत्साह बढ़ा सकता है और शेयर बाजार सुस्ती से बाहर आ सकते हैं। इसी बीच, अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई, हालांकि इससे तनाव और प्रतिबंधों में कमी की उम्मीद बनी है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 18 साल बाद भारत की साख को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' किया है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रणनीतिकार वी. के. विजयकुमार ने कहा कि यह एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) की गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है। ईवाई इंडिया के कर विशेषज्ञ सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी 2.0 की घोषणा केवल प्रक्रियागत बदलाव नहीं बल्कि संरचनात्मक सुधार हैं, जो वैश्विक व्यापार तनाव से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करेंगे।

वर्ष 10, पूर्णांक 3330 अंक 140, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in